प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027-''बड़ी जीत'' पर भाजपा का फोकस पेज- 2

पेज- 8 नाबालिग अपहरण कांड का आरोपी गिरफ्तार

वर्ष : 15 अंक : 163 | गुरुवार 04 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## मालवीय नगर के रेस्तरां में लगी आग, 21 की मौत, हादसे पर प्रधानमंत्री ने जताया दुख

(एजेंसी) नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां में बुधवार को भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि लेमन ग्रीन रेस्तरां के बेसमेंट से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सुबह करीब 8.50 बजे लगी आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया है। उनकी स्थिति के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिल सकी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजधानी के मालवीय नगर में बुधवार सुबह एक होटल में आग लगने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है और इस हादसे में मारे गये लोगों के परिजनों एवं घायलों के लिये सहायता राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा, दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना एक दुखद घटना है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। अधिकारी प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। प्रध



ानमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो, दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। गौरतलब है कि दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में इलाके में बुधवार सुबह लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और 27 लोगों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बुधवार सुबह राजधानी के मालवीय नगर इलाके में एक रेस्टोरेंट में भीषण आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जिसमें अधिकतर अफ्रीकी मूल के नागरिक थे। दमकल कर्मियों, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से 27 लोगों को सुरक्षित बचाकर नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, लेमन ग्रीन रेस्तरां को केवल छह कमरों के निर्माण की अनुमति थी लेकिन वहां 25 कमरे थे। इस कथित अनियमितता ने नियामकीय निगरानी और अनुमति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इमारत का बेसमेंट बाहर से बंद था। बचाव दल ने ताला तोड़कर भीतर फंसे लोगों को बाहर निकाला। जान बचाने के लिए कई लोगों ने खिड़कियों से छलांग भी लगाई। यह घटना साकेत पुलिस थाना क्षेत्राधिकार में आता है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, मालवीय नगर स्थित लेमन ग्रीन रेस्तरां में आग लगने की सूचना सुबह लगभग नौ बजे मिली। शुरुआती चरण में सात दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जबकि बाद में राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के लिए 10 अतिरिक्त दमकल गाड़ियां भेजी गईं। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह पौने दस बजे तक बेसमेंट से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। इसके बाद सुबह लगभग 11.20 बजे सूचना मिली कि दमकल कर्मियों, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से 25 अन्य लोगों को भी बचाकर अस्पताल पहुंचाया गया है। दो और लोगों को दोपहर तक निकाल लिया गया, जिससे बचाए गए लोगों की कुल संख्या 27 तक पहुंच गयी है। स्थानीय पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों की टीमों को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और घटनास्थल तक पहुंच सीमित कर दी गई। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटना को दुखद बताते हुए जानमाल के नुकसान पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर में एक होटल में लगी भीषण आग में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि दिल्ली सरकार इस संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और पीड़ितों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में बुधवार सुबह एक बेड एंड ब्रेकफास्ट (बी एंड बी) होटल में भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने एक्स पर इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, मालवीय नगर में आग लगने की विनाशकारी घटना में जन हानि से मुझे गहरा दुख हुआ है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने और इस दिल दहला देने वाली त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को शक्ति और साहस मिलने की प्रार्थना करती हूं। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों के बारे बताया कि घटना की सूचना मिलते ही दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली पुलिस, दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कैट्स एम्बुलेंस सेवाओं और अन्य आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों की टीमों को तुरंत काम पर लगा दिया गया था। एजेंसियों की इस त्वरित कार्रवाई से प्रभावित परिसर से कई लोगों को निकालने और राहत पहुंचाने में मदद मिली। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति पर लगातार पैनी नजर रखे हुए है और प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक चिकित्सा सहायता तथा हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में दिल्ली सरकार प्रभावित परिवारों के साथ दृढ़ता से खड़ी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दिल्ली के मालवीय नगर में एक रेस्तरां में आग लगने के कारण 21 लोगों की मौत पर बुधवार को दुख जताया और कहा कि दिल्ली सरकार को घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने के साथ पीड़ित परिवारों को मुआवजा देना चाहिए। दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर स्थित एक रेस्तरां में बुधवार को भीषण आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

## संदीप सिंह हत्याकांडः डिप्टी सीएम का बड़ा बयान,अपराधियों को पाताल से भी ढूंढकर सजा देंगे

(एजेंसी) कानपुर। उत्तर प्रदेश में हुए संदीप सिंह हत्याकांड को लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस हत्याकांड मामले में समाजवादी पार्टी के नेता का नाम सामने आ रहा है, जिसे मास्टरमाइंड कहा जा रहा है। बातचीत में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लखनऊ में हुए हत्याकांड में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता के



शामिल होने की जानकारी सामने आ रही है। मैं लगातार यह कहता आ रहा हूं कि समाजवादी पार्टी के शासन काल में गुंडे, माफियाओं को पोषित किया जाता है। सपा सरकार ऐसे ही लोगों को प्रमोट करने का काम करती है। उन्होंने कहा कि चुनाव नजदीक देखकर समाजवादी पार्टी अपने माफिया गिरोह, आपराधिक तत्वों के सहारे इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिला रही है। ऐसे तत्वों को बेनकाब किया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हमें पता है कि अपराध कौन कर रहा है और अपराधी कौन हैं, किसी को नहीं छोड़ा जाएगा। हमारी सरकार अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। हम कानून व्यवस्था को ठीक रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि लखनऊ के रियल स्टेट कारोबारी संदीप सिंह की गोली मार कर हत्या कलर दी गई। इस मामले में दिनेश यादव, समाजवादी पार्टी (एसपी) की लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। 27 मई को संदीप सिंह की पीजीआई पुलिस थाना क्षेत्र में बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले की जांच के लिए पुलिस और एसटीएफ की कई टीमें तैनात की गईं। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद था। यही विवाद हत्या की वजह बना। इस मामले में पुलिस ने इस मामले में दिनेश यादव और उसके ड्राइवर मुकर्रबीन को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही कई लग्जरी गाड़ियों को भी जब्त कर लिया है। हत्या करने वाले शूट अभी भी फरार हैं। बताया जा रहा है कि हत्या करने के लिए दो शूटर्स को 5 लाख रुपए दिए गए थे।

## राहुल गांधी ने कहा, सीबीएसई चेयरमैन व सचिव को हटाना जवाबदेही नहीं, शिक्षा मंत्री को बचाने का कवर अप है

(एजेंसी) नयी दिल्ली केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं परीक्षा के मूल्यांकन में श्ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) को लेकर उपजा विवाद अब देश का सबसे बड़ा सियासी और प्रशासनिक मुद्दा बन चुका है। बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ियों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कड़े निर्देश पर सरकार ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सीबीएसई के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया। इस प्रशासनिक फेरबदल के तुरंत बाद विपक्ष ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसे कवर-अप (मामले को दबाने की कवायद) करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि छोटे अधिकारियों पर गाज गिराकर असल दोषी, यानी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बचाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांध ी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर हिंदी में पोस्ट कर सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने इस कार्रवाई को महज एक दिखावा बताते हुए लिखा कि सीबीएसई चेयरमैन-हटाए गए। सीबीएसई सचिव-हटाए गए। एक सदस्यीय जांच समिति गठित। और असली दोषी धर्मेंद्र प्रधान सुरक्षित। अधिकारियों को हटाया गया। मंत्री को बचाया गया। यह जवाबदेही नहीं है। यह कवर-अप है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर पीएम मोदी को सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए 18.5 लाख छात्रों के भविष्य की जरा भी परवाह होती, तो शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बहुत पहले ही पद से हटा दिया गया होता। उन्होंने साफ किया कि विपक्ष की मांग आज भी वही हैक् षशिक्षा मंत्री को तुरंत बर्खास्त किया जाए और पूरे मामले की एक स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई जाए। यह पूरी कार्रवाई उस समय शुरू हुई जब ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रणाली के जरिए 12वीं के छात्रों के मूल्यांकन में भारी अनियमितताओं की बात सामने आई। इस गड़बड़ी ने लाखों छात्रों और अभिभावकों के बीच आक्रोश पैदा कर दिया था। पीएमओ की सक्रियतारू सूत्रों के अनुसार, प्रध ानमंत्री कार्यालय ने इस मूल्यांकन विवाद और टेंडर प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी पर सोमवार को ही एक उच्च स्तरीय रिपोर्ट तलब की थी। सोमवार देर रात यह रिपोर्ट पीएमओ को सौंप दी गई, जिसके बाद मंगलवार को



यह बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। भले ही इस घोटाले के मुख्य साजिशकर्ताओं की पहचान होना बाकी है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर जवाबदेही तय करते हुए फिलहाल बोर्ड का चेहरा बने हुए चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को पद से हटाकर कोई भी राहत न देने का फैसला किया गया। सरकार ने बोर्ड के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए तुरंत नई नियुक्तियों का भी एलान कर दिया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को सीबीएसई का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही, इंडियन इन्फॉर्मेशन सर्विस के अधिकारी वरुण भारद्वाज को बोर्ड के नए सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मूल्यांकन में गड़बड़ी के साथ-साथ ऑन-स्क्रीन मार्किंग से जुड़े टेंडर आवंटन मामले की गहराई से जांच करने के लिए सरकार ने एक सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। इस जांच का जिम्मा कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिकारी एस. राधा चौहान को सौंपा गया है। उन्हें इस पूरे टेंडर विवाद और तकनीकी खामियों की जांच कर एक महीने के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपनी होगी। अब देखना यह है कि जांच समिति की रिपोर्ट के बाद क्या विपक्ष के बढ़ते दबाव के बीच शिक्षा मंत्रालय पर भी कोई आंच आती है या नहीं।

## सबको साथ लेकर चलें,,सोनिया गांधी ने कर्नाटक के नए मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को दी सलाह

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को कर्नाटक के मनोनीत मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार से फोन पर बात की। उन्होंने शिवकुमार को अपनी शुभकामनाएं दीं और सरकार व संगठन में सबको साथ लेकर चलने की सलाह दी। शिवकुमार के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सोनिया गांधी ने उन्हें शीर्ष पद संभालने पर बध ाई दी और विश्वास जताया कि वे कर्नाटक का सफलतापूर्वक नेतृत्व करेंगे। उन्होंने शिवकुमार से कहा, सबको साथ लेकर चलें। मुझे पूरा विश्वास है कि आप कर्नाटक को सफलता के पथ पर आगे ले जाएंगे। अपनी नई जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से निभाएं और बड़ी सफलताएं हासिल करना जारी रखें। शिवकुमार ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष को उनके मार्गदर्शन और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। यह फोन कॉल शिवकुमार के बेंगलुरु में मुख्यमंत्री पद और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह से कुछ घंटे पहले आई। मीडिया से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा, सोनिया गांधी जी ने आज सुबह



मुझे फोन कर बधाई दी। उन्होंने लंबे समय से मुझ पर भरोसा जताया है। मैं उनके इस भरोसे पर खरा उतरने और अच्छे काम को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। उन्होंने आगे कहा, मैं कर्नाटक की राजनीति के उन वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन लेता रहूंगा, जिन्होंने राज्य की जनता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे पहले दिन में, शिवकुमार ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए राजभवन (लोक भवन) रवाना होने से पहले अपनी मां गौराम्मा का आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपनी मां के पैर छुए और उनके साथ हल्के-फुल्के अंदाज में कुछ पल बिताए। इस बीच, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बुधवार को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्लयूसी) का सदस्य नियुक्त किए जाने पर बधाई दी। उन्होंने अनुभवी नेता सिद्धारमैया को पार्टी की एक बड़ी ताकत बताया। सुरजेवाला ने अपने बयान में कहा कि सार्वजनिक जीवन में सिद्धारमैया का विशाल अनुभव, सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और संवैधानिक मूल्यों में उनका दृढ़ विश्वास, संविधान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी की लड़ाई को और मजबूत करेगा। सुरजेवाला ने कहा कि ऐसे समय में जब कांग्रेस देश में संवैधानिक मूल्यों पर हो रहे हमलों और असहमति की आवाजों को दबाने के प्रयासों के खिलाफ लड़ रही है, सिद्धारमैया का अनुभव और विचार बेहद अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय के विस्तार और बढ़ती महंगाई व भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से प्रभावित आम लोगों के कल्याण के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगी। सुरजेवाला ने सिद्धारमैया के प्रशासनिक अनुभव की तारीफ करते हुए कहा, सिद्धारमैया कांग्रेस पार्टी की एक बड़ी ताकत हैं। आठ साल तक कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में काम करने का उनका अनुभव पूरे देश में कांग्रेस पार्टी के प्रभाव को बढ़ाने में मदद करेगा। मैं कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य के रूप में इस नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

## पीएम मोदी से मिले नेपाल की सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख रवि लामिछाने



(एजेंसी) नई दिल्ली। नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल को भारत का प्राथमिकता वाला साझेदार बताते हुए कहा कि नयी दिल्ली देश की नयी सरकार के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लामिछाने से मुलाकात करके उन्हें प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा, मैं साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का स्वागत करता हूं और उससे पूरी तरह सहमत हूं। नेपाल हमारी पड़ोसी पहले नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला साझेदार है और हम दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए नयी सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। लामिछाने के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन के निमंत्रण पर भारत की यात्रा पर है। यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार दोपहर नयी दिल्ली पहुंचा था।

## बेशर्मी से एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं... धर्मेंद्र प्रधान को क्यों बचा रहे हैं पीएम मोदी? जयराम रमेश ने किया सवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने सवाल किया कि शिक्षा मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के सबूत सामने आने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी धर्मेंद्र प्रध ान को क्यों बचा रहे हैं और किसके संरक्षण के चलते यह सब हो रहा है? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई के स्तर पर जवाबदेही का स्पष्ट अभाव है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, सीबीएसई के शीर्ष अधिकारियों को भले ही स्थानांतरित कर दिया गया हो, लेकिन मंत्री प्रधान पद पर बने रहने के लिए बेशर्मी से एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, जबकि उनके मंत्रालय की अक्षमता और भ्रष्टाचार के सबूत सामने आ चुके हैं। उनके मुताबिक, खबरों से पता चला है कि दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता वाली शिक्षा संबंधी संसदीय समिति के समक्ष सीबीएसई के अधिकारी अपनी ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवा के अनुबंध ा के संबंध में उठाए गए सवालों का जवाब नहीं दे सके। कांग्रेस नेता का कहना है कि यह सीबीएसई और शिक्षा मंत्रालय के उच्चतम स्तर पर जवाबदेही का स्पष्ट अभाव है। उन्होंने एक अंग्रेजी दैनिक की खबर का उल्लेख करते हुए कहा, सीबीएसई न केवल ओएसएम प्रणाली को आगे के लिए टालने की सलाह पर ध्यान देने में विफल रही, बल्कि प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए कई विशिष्ट मुद्दों को हल करने में भी विफल रही। रमेश ने कहा कि मंत्री प्रधान एक भ्रष्ट, अक्षम और संवेदनहीन शिक्षा मंत्रालय चलाते हैं। अब एक सर्वेक्षण से भी पता चलता है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के मतदाता मंत्री प्रधान का इस्तीफा मांग रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी उन्हें बचाने पर क्यों अड़े हुए हैं तथा किसके संरक्षण ने अब तक उनका पद पर बने रहना सुनिश्चित किया है?

# सम्पादकीय

## राहुल के नए प्रयोग पर भाजपा ने कसा तंज़

पुष्कर शिविर के बाद कांग्रेस के भीतर नए समीकरण को लेकर चर्चा है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि राहुल गांधी के दौरे के बाद कई तरह के सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। सुगबुगाहट इस वजह से भी तेज हैं क्योंकि उन्होंने खुले तौर पर गोविंद डोटासरा और टीकाराम जूली की तारीफ की।


नफीस जाफरी

इसे पूरे देश के लिए मॉडल भी बताया। इसे महज औपचारिक प्रशंसा के तौर पर नहीं देखा जा रहा है, बल्कि कांग्रेस के भीतर एक बड़े राजनीतिक संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस लंबे समय से कई राज्यों में संगठन और विधायक दल के बीच तालमेल की चुनौती से जूझती रही है। ऐसे समय में राजस्थान से आई तस्वीर राहत भरी है। राहुल गांधी ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि डोटासरा–जूली मिलकर अच्छा काम कर रहे हैं। कांग्रेस के राज में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच गुटबाजी भी चुनौती बनी थी। साल 2023 के चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस में नई कवायद शुरू हुई। संगठन और विपक्ष की भूमिका को अलग–अलग शक्ति केंद्र बनाने की बजाय एक साझा रणनीति के तहत आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी ने नेताओं को अलग–अलग भूमिका में दिखाकर एक राजनीतिक बात रखने की कोशिश की। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने मंच पर मौजूद नेताओं से अलग–अलग भूमिकाएं निभाने को कहा। कुछ नेताओं को टिकट मांगने वालों की भूमिका दी गई, जो प्रदेशाध्यक्ष के चारों ओर परिक्रमा करते दिखे। उन्होंने यह भी दिखाया कि किस तरह लोग पद पाने के लिए झुकते जाते हैं। इसके लिए राहुल गांधी ने प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को एक कुर्सी पर आशीर्वाद देने की मुद्रा में खड़ा कराया। कुछ नेताओं को उनके सामने प्रणाम करने या चापलूसी करने की मुद्रा में खड़े होने को कहा। वहीं, इसके बाद पूर्व मंत्री रामलाल जाट से उनकी कुर्सी खींचने को कहा। इसके जरिए उन्होंने नेताओं के बीच होने वाली खींचतान को दिखाया। लेकिन राहुल गांधी के इन तरीकों को जहां एक तरफ कांग्रेस नवाचार और अच्छा संवाद कह रही है तो भाजपा ने इसे नौटंकी बताया है। मालूम हो कि राजस्थान भाजपा सरकार के सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा, राहुल गांधी नौटंकी करना बंद कर दें। यहां दोबारा भाजपा की सरकार आने वाली है। कांग्रेस के चिंतन शिविर में ड्रामा करने से कोई फायदा नहीं होगा। राजस्थान में भजनलाल सरकार का काम और जो सुशासन है, उसे जनता पसंद कर रही है और यहां भाजपा दोबारा सरकार बनाएगी। अविनाश गहलोत ने राहुल गांधी के दौरे को प्रोपेगेंडा बताते हुए कहा, राहुल गांधी ने यहां आकर वरिष्ठ नेताओं को नज़रअंदाज़ किया है और यह सिर्फ प्रोपेगेंडा था। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कहा, राहुल गांधी खुद ही अनुशासन में नहीं रहते हैं, यह कई बार संसद में देखने को मिला है। ऐसा व्यक्ति कैसे रोल मॉडल बन सकता है? वहीं, भाजपा युवा मोर्चा के राजस्थान अध्यक्ष शंकर गोरा ने कहा कि राहुल गांधी का यह संदेश चिंतन शिविर तक ही सीमित है। शंकर गोरा ने कहा, राहुल गांधी खुद तपस्या करने के लिए विदेश जाते हैं। उन्होंने इस तरह के प्रयोग करके कांग्रेस को खत्म कर दिया है। उन्हें त्याग और तपस्या की कोई जानकारी नहीं है। उन्हें राजनीति विरासत में मिली है और तमाम प्रयोगों के बावजूद कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। पश्चिम बंगाल इसका सबसे ताज़ा उदाहरण है। राहुल गांधी नाटक करके कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे। हालांकि, राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा राहुल गांधी के संदेश को समझ ही नहीं पाई। डोटासरा ने कहा,राहुल गांधी का संदेश था कि कुर्सी की पूजा करने से कोई फायदा नहीं है। जनता के लिए काम करेंगे तो जनता ही कुर्सी देगी. कोई व्यक्ति विशेष कुर्सी नहीं दिलवाएगा। मालूम हो कि कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत नियुक्त जिला अध्यक्षों की पुष्कर में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में ट्रेनिंग हुई। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान राजस्थान और दिल्ली के 64 नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी को मजबूत करने की ट्रेनिंग दी। इसके आखिरी दिन राहुल गांधी सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्षों से मिलने पहुंचे। वहां अपने संबोधन में राहुल गांधी ने तपस्या और पूजा की भी बात रखी और कहा कि भगवान शिव की तरह तपस्या करके कांग्रेस को आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने महात्मा गांधी का उद्धरण देते हुए कहा कि तपस्या और त्याग कांग्रेस की परंपरा रहे हैं और आगे भी रहने चाहिए, जबकि भाजपा पूजा को महत्व दे रही है।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027-''बड़ी जीत'' पर भाजपा का फ़ोकस


गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में आजाद समाज पार्टी भी अपने प्रत्याशी उतारेगी। चुनावी तैयारियों के बीच आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और नगीना से लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद आज से सत्ता परिवर्तन यात्रा निकाल रहे हैं। मीडिया से बात करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि उनकी पार्टी सभी 403 सीटों पर चुनावी तैयारी कर रही है। हालांकि गठबंधन के लिए विकल्प खुले हुए हैं। भाजपा को छोड़कर वो किसी भी दल से गठबंधन करने को तैयार हैं। आजाद ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा, 403 विधानसभाओं में हमारी तैयारी है, आज मैं ये नहीं कह सकता कि हम सारी सीटें जीतेंगे, लेकिन आजाद समाज पार्टी का प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और सांगठनिक समीक्षा के आधार पर मैं ऐसा कह सकता हूं। उन्होंने आगे कहा कि हमने 2022 में अपनी तैयारी शुरू की थी और 2024 के चुनाव में अपनी ताकत की एक झलक दिखाई थी। हम नगीना और डुमरियागंज लोकसभा सीट पर लड़े थे और एक सीट नगीना जीते थे। दूसरी सीट पर हम एक लाख वोट पाए थे। 2024 के चुनाव में जीत के बाद हमारी पार्टी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है। इसी रिजल्ट के आधार पर मैं कह रहा था कि यूपी सरकार समय पर पंचायत चुनाव नहीं करा पाएगी। ये तो चुनाव में ही तय होता है कि हमारी कितनी तैयारी है. हम त्रिस्तरीय यूपी पंचायत चुनाव में दिखाते कि हमारी तैयारी कितनी है। अब हमारी नजर विधानसभा चुनाव पर है। हमें उम्मीद है कि पार्टी बेहतर प्रदर्शन करेगी और सरकार बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगी। अब बात 2017 से उत्तर प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा की



तो मालूम हो कि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट तेज होते ही राजनीतिक दलों ने अपनी गोटियां बिछाना शुरू कर दी है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ने सूबे में अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए अभी से पूरी ताकत झोंक दी है। इस संबंध में दिल्ली से लेकर लखनऊ तक बैठकों का दौर जारी है और कयास लगाए जा रहे हैं कि संगठन में बहुत जल्द एक बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। बताया जाता है कि यूपी भाजपा की नई टीम को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में एक हाई लेवल बैठक हुई, जिसमें संगठन के नए ढांचे और रणनीतियों पर गहरा मंथन किया गया। दिल्ली में ब्लूप्रिंट तैयार होने के बाद अब एक्शन की बारी है। इसी सिलसिले में भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह लखनऊ में थे। जहां उन्होंने जमीनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। माना जा रहा है कि पार्टी आलाकमान की हरी झंडी के बाद संगठन की नई लिस्ट किसी भी वक्त जारी की जा सकती है। चर्चा इस बात की भी है कि इसी हते यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन राज्य के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों के लिए एक अचूक चक्रव्यूह तैयार करना है, जिसमें संगठन के पेंच कसे जाएंगे और नेताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए पार्टी की रणनीति की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके तहत तीन स्तर पर तैयारी की जाएगी। सांगठनिक कामकाज को धार देने के लिए इस बैठक में मुख्य रूप से जोन वाइज प्रभारियों की नियुक्ति पर अंतिम फैसला लिया जाएगा, ताकि हर क्षेत्र की सीधे मॉनिटरिंग हो सके। पार्टी हर एक विधानसभा सीट पर माइक्रोमैनेजमेंट की तैयारी में है। इसके तहत वरिष्ठ और कद्दावर नेताओं को सीधे विधानसभा स्तर पर मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। तो वहीं दूसरी ओर भाजपा का सबसे ज्यादा ध्यान उन सीटों पर है, जहां साल 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। इन कमजोर कड़ियों को पहचान कर वहां नए समीकरण बनाने की रणनीति तैयार की जाएगी। चर्चा है कि यूपी भाजपा में होने वाला यह फेरबदल न सिर्फ नए चेहरों को मौका देगा, बल्कि उन कद्दावर नेताओं की साख भी दांव पर लगाएगा, जिन्हें हारी हुई या कमजोर सीटों को जिताने का जिम्मा मिलने वाला है। राजनीति के गलियारों में अब बस उस नई लिस्ट का इंतजार है, जो यूपी की सियासी दिशा तय करेगी।

## उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027-अखिलेश भी ''बड़ा दांव'' खेलने की तैयारी में


फरीद वारसी

यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी ने कमर कस ली है। समाजवादी पार्टी 2027 के चुनाव से पहले संभावित उम्मीदवारों की जमीनी पकड़ मजबूत करने के लिए सर्वे करवा रही है। पार्टी अलग–अलग स्तर पर उम्मीदवारों को परख रही है। यही मॉडल सपा ने लोकसभा चुनाव में भी फॉलो किया था। सपा प्रमुख अखिलेश यादव खुद ही उम्मीदवारों के चयन को देख रहे हैं। समाजवादी पार्टी के इस पूरे सर्वे की निगरानी खुद सपा प्रमुख अखिलेश यादव कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों की मजबूती को दो स्तरों पर परखा रही है। एक तो प्राइवेट एजेंसी के सर्वे द्वारा। दूसरे स्थानीय नेताओं के फीडबैक के आधार पर। कहा जा रहा है कि इस बार टिकट वितरण में किसी भी तरह की सिफारिश नहीं चलेगी. केवल सर्वे और फीडबैक को ही प्राथमिकता दी जाएगी। पार्टी केवल उन्हीं उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी जिनका जनता में मजबूत जनाधार हो, छवि बेदाग हो और जो जिताऊ कैंडिडेटश हों। सर्वे टीम का नेतृत्व पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन कर रहे हैं। विदित हो कि आलोक रंजन ने अपनी रिपोर्ट में कांग्रेस को गठबंधन के तहत 70 से 75 सीटें देने का सुझाव दिया है। यहां यह बताते चलें कि हाल ही में अखिलेश यादव ने भाजपा पर अनैतिक तरीकों से चुनाव जीतने का आरोप लगाया और दावा किया कि लोग भविष्य के चुनावों में पार्टी की राजनीतिक चालों को नाकाम कर देंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया कि मतदाता भाजपा को 2027 के चुनावों में खारिज कर देंगे। इसी के साथ ही अखिलेश यादव ने यह भी दावा किया इस बार जनता भाजपा की सारी तिकड़म निकाल देगी। भाजपा हारेगी और फिर कभी नहीं आएगी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में अभी करीब 8 महीने का समय बचा है, लेकिन जैसा कि उल्लेखनीय है कि मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी ने अभी से अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। सपा इस बार चुनाव की घोषणा होने से दो–तीन महीने पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान करने की तैयारी में है, ताकि उन्हें प्रचार का पूरा मौका मिल सके। इसके साथ ही, आगामी चुनाव के लिए सपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अमलीजामा पहनाने और सीट शेयरिंग को लेकर भी भीतरखाने मंथन का दौर काफी तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव 2024 की तर्ज पर जमीनी सर्वे और सटीक जातीय समीकरणों के आधार पर एक–एक सीट का गुणा–भाग खुद कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव इन दिनों जिला इकाइयों के पदाधिकारियों के साथ मैराथन बैठकें कर रहे हैं। कहा ये भी जा रहा है कि सपा ने पूरे उत्तर प्रदेश में एक जमीनी सर्वे कराया है, जिसमें स्थानीय मुद्दे, नेताओं की छवि और वहां के जातीय आंकड़ों की पूरी कुंडली तैयार की गई है। अखिलेश यादव जिला स्तर के नेताओं की रिपोर्ट का मिलान अपनी सर्वे रिपोर्ट से कर रहे हैं। इस बार टिकट बंटवारे में किसी नेता की पैरवी या सिफारिश काम नहीं आने वाली है, बल्कि जनता के बीच उसकी पकड़ और चुनाव जीतने की क्षमता को ही एकमात्र आधार बनाया जा रहा है। जिन सीटों पर मजबूत उम्मीदवार तय हो रहे हैं, उन्हें बिना किसी शोर–शराबे के अभी से चुपचाप क्षेत्र में जुटने की हरी झंडी दी जा रही है। ऐन चुनाव के वक्त टिकट घोषित होने से कई बार पार्टियों को बगावत और भीतरघात का सामना करना पड़ता है। सपा का मानना है कि अगर उम्मीदवारों के नाम दो–तीन महीने पहले तय हो जाएंगे, तो



रूठे हुए नेताओं को मनाने और बगावत को शांत करने का पर्याप्त समय मिल जाएगा। इसके अलावा, चुनावी मैदान में उतरने वाले प्रत्याशी को अपने क्षेत्र के एक–एक गांव और मतदाता तक पहुंचने का पूरा मौका मिलेगा, जिससे चुनाव के नतीजे बेहतर हो सकते हैं। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने 111 सीटें जीती थीं, लेकिन इस बार पार्टी इस आंकड़े को बहुत आगे ले जाना चाहती है। लोकसभा चुनाव में सपा और कांग्रेस के गठबंधन को मिली बड़ी सफलता के बाद दोनों दल 2027 का विधानसभा चुनाव भी मिलकर लड़ने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की कुल 403 विधानसभा सीटों पर तालमेल बिठाने के लिए अभी से फॉर्मूले पर चर्चा शुरू हो गई है। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस शुरुआती बातचीत में करीब 120 सीटों की मांग रख सकती है। हालांकि, जमीन पर दोनों दलों की ताकत को देखते हुए अंतिम समझौता 80 सीटों के आसपास होने की उम्मीद है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सांसदों, विधायकों और जिला अध्यक्षों से साफ तौर पर पूछा है कि उनके इलाकों में कांग्रेस को कौन–कौन सी सीटें दी जा सकती हैं, जहां वह मजबूत स्थिति में हो। उत्तर प्रदेश में विधानसभा की कुल 403 सीटें हैं। साल 2022 के पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा था और सपा को 111 सीटें हासिल हुई थीं। हालांकि, अब राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। सुभासपा अब सपा के साथ नहीं है, बल्कि सपा अब इंडिया अलायंस के तहत कांग्रेस के साथ खड़ी है। दोनों दलों के इस नए साथ का असर पिछले लोकसभा चुनाव में साफ देखने को मिला था। लोकसभा चुनाव में जब सपा और कांग्रेस मिलकर मैदान में उतरे, तो नतीजे बेहद शानदार रहे। इस गठबंधन ने यूपी में कमाल करते हुए बड़ी जीत दर्ज की, जिसमें अकेले समाजवादी पार्टी को 37 और कांग्रेस को 6 सीटें हासिल हुईं। इसी बड़ी कामयाबी के हौसले के दम पर दोनों दल अब 2027 फतह करने की तैयारी में हैं। सपा और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व यानी अखिलेश यादव और राहुल गांधी पूरी तरह से गठबंधन के पक्ष में हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि साथ मिलकर ही वे सत्ताधारी दल को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। हालांकि, इस गठबंधन की वजह से जमीनी स्तर के कुछ स्थानीय नेताओं और संभावित उम्मीदवारों में थोड़ी असहजता जरूर है। नेताओं को डर है कि गठबंधन के तहत अगर उनकी दावेदारी वाली सीट दूसरे दल के खाते में चली गई, तो उनका टिकट कट सकता है। इस सबके बावजूद, सपा हर सीट पर अपनी सांगठनिक तैयारी को पुख्ता कर रही है ताकि गठबंधन में जो भी सीट जिसके हिस्से आए, वहां जीत हासिल की जा सके।

## विश्व साइकिल दिवस जीवन के लिए जरूरी साइकिल का साथ

कुमार सिद्धार्थ

3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस को इसलिए मान्यता दी ताकि दुनिया को यह याद दिलाया जा सके कि साइकिल केवल दोपहियों वाला साधारण वाहन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक बचत और टिकाऊ विकास का प्रभावी साधन है। आज जब दुनिया पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों, ऊर्जा संकट, प्रदूषण, और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है, तब साइकिल फिर से चर्चा के केंद्र में आ गई है। एक समय था, जब साइकिल भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में आम आदमी के जीवन का अभिन्न हिस्सा थी। आधुनिकता की दौड़ में मोटर वाहनों की चमक–दमक के बीच साइकिल धीरे–धीरे सड़कों से हाशिये पर चली गई। अब दुनिया फिर समझ रही है कि विकास का अर्थ केवल तेज रफ्तार वाहन नहीं, बल्कि ऐसे साधन भी हैं, जो टिकाऊ हों और समाज के लिए लाभकारी हों। आज जब पर्यावरण संरक्षण और श्ग्रीन मोबिलिटीश की बात होती है, तो इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी तकनीक, चार्जिंग स्टेशन और नई परिवहन योजनाओं की खूब चर्चा होती है। सरकारें इलेक्ट्रिक कारों और दो पहिया वाहनों को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बना रही हैं। शहरों में चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए जा रहे हैं, लेकिन अफसोस है कि इन चर्चाओं के बीच पर्यावरण–अनुकूल साधन, पारंपरिक साइकिल अक्सर गायब हो जाती है। साइकिल ऐसा वाहन है, जिसे न पेट्रोल चाहिए, न डीजल, न बैटरी और न ही कोई चार्जिंग–स्टेशन। यह पूरी तरह मानव ऊर्जा पर आधारित है। इसके बावजूद शहरी परिवहन योजनाओं में इसे वह प्राथमिकता नहीं मिलती, जिसकी यह हकदार है। कई शहरों में श्साइकिल लेनश की योजनाएं बनीं, लेकिन अनेक जगहों पर वे अतिक्रमण, खराब डिजाइन और उपेक्षा के कारण सफल नहीं हो सकीं।

साइकिल केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि एक समय सामाजिक समानता और सादगी का प्रतीक भी रही है। एक दौर में शिक्षक, विद्यार्थी, कर्मचारी, किसान और छोटे अधिकारी सभी साइकिल से यात्रा करते थे। इसमें वर्ग भेद कम दिखाई देता था। यही कारण है कि कई विचारकों ने साइकिल को लोकतांत्रिक वाहन कहा। वर्ष 1960 के बाद जैसे–जैसे मोटर वाहनों की संख्या बढ़ी, साइकिल पीछे छूटने लगी। कारें और बड़े वाहन आधुनिकता और उपभोक्तावाद के प्रतीक बन गए। धीरे–धीरे साइकिल को पिछड़ेपन से जोड़कर देखा जाने लगा। परिणाम यह हुआ कि सड़कों पर कारों का कब्जा बढ़ता गया और साइकिल हाशिये पर चली गई। आज फिर परिस्थितियां बदल रही हैं। दुनिया समझ रही है कि महंगे ईंधन, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु संकट के दौर में साइकिल पिछड़ेपन का नहीं, बल्कि समझदारी और टिकाऊ जीवन शैली का प्रतीक है।

भारत आज भी दुनिया के बड़े साइकिल उपयोग करने वाले देशों में शामिल है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार देश में दस से 12 करोड़ से अधिक परिवारों के पास साइकिल उपलब्ध ा है। ग्रामीण भारत में इसका उपयोग और भी अधिक है। साइकिल उद्योग के आंकड़े बताते हैं कि भारत में हर साल एक करोड़ से अधिक नई साइकिलों की बिक्री होती है। पंजाब का लुधियाना देश के साइकिल निर्माण का बड़ा केंद्र माना जाता है। भारत दुनिया के बड़े साइकिल उत्पादक देशों में भी शामिल है। दुनियाभर में साइकिल की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विश्व में एक अरब से अधिक साइकिलें उपयोग में हैं। यूरोप, चीन, जापान और एशिया के कई देशों में साइकिल रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा है। कई देशों में लाखों लोग प्रतिदिन साइकिल से अपने कार्यस्थल पहुंचते हैं। भारत में भी साइकिल प्रेमियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब साइकिल केवल ग्रामीण या गरीब का वाहन नहीं रही, बल्कि शहरों में भी आर्थिक रूप से सम्पन्न युवा, पेशेवर, फिटनेस प्रेमी और पर्यावरण के प्रति जागरूक लोग इसे अपना रहे हैं। आज दुनिया ऊर्जा संकट के दौर से गुजर रही है। अंतरराष्ट्रीय तनाव, युद्ध और आपूर्ति बाधाओं का असर सीधे पेट्रोल–डीजल की उपलब्धता और कीमतों पर पड़ता है। भारत जैसे देशों में, जहां बड़ी मात्रा में पेट्रोलियम उत्पाद आयात किए जाते हैं, इसका असर आम आदमी की जेब पर साफ दिखाई देता है। इनकी कीमतें बढ़ने से न केवल यात्रा महंगी होती है, बल्कि परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई भी बढ़ती है। ऐसे में साइकिल एक विकल्प है, जो पूरी तरह ईंधन मुक्त है। छोटी दूरी के लिए अगर लोग साइकिल अपनाएं, तो ईंधन की खपत कम होगी, घरेलू खर्च घटेगा। यही कारण है कि ऊर्जा संकट के दौर में साइकिल फिर भविष्य के परिवहन के रूप में देखी जा रही है। देश–दुनिया में कई नेता, अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता साइकिल से आने–जाने या सार्वजनिक साइकिल अभियानों में भाग लेने का संदेश देते रहे हैं। यह केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि एक संकेत है कि सुविधा और जिम्मेदारी के बीच संतुलन संभव है। आज दुनिया का सबसे बड़ा संकट जलवायु परिवर्तन है। पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहन बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसें छोड़ते हैं, जिससे वातावरण प्रदूषित होता है और ध ारती का तापमान बढ़ता है। साइकिल इस समस्या का सबसे सरल समाधान है। यह न धुआं छोड़ती है, न शोर करती है और न ही सड़क पर अधिक जगह घेरती है। शहरों में अगर छोटी दूरी के लिए साइकिल उपयोग को बढ़ावा मिले, तो प्रदूषण और ट्रैफिक दोनों कम हो सकते हैं। यही कारण है कि दुनिया के कई शहरों में अलग साइकिल लेन, सार्वजनिक साइकिल सेवा और सुरक्षित ट्रैक बनाए जा रहे हैं। साइकिल चलाना केवल सफर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य का भी साथी है। यह हृदय को मजबूत बनाती है, वजन नियंत्रित रखती है, मांसपेशियों को सक्रिय करती है और मानसिक तनाव कम करती है। पर्यावरण–अनुकूल परिवहन की चर्चा में अगर साइकिल को फिर केंद्र में लाया जाए, सुरक्षित श्साइकिल लेन्य बनाई जाएं और लोगों को इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए, तो यह न केवल आम आदमी के लिए राहत होगी, बल्कि देश और दुनिया के लिए भी बड़ा समाधान साबित हो सकती है। सच तो यह है कि साइकिल केवल अतीत की याद नहीं, बल्कि वर्तमान की जरूरत और भविष्य की दिशा बनकर फिर हमारे सामने खड़ी है। दो पहियों पर चलने वाली यह साधारण सवारी हमें एक स्वस्थ, सस्ता, स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य की ओर ले जा सकती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं सामाजिक कार्यों से संबद्ध हैं।)

## गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई, करोड़ों की संपत्तियों की कुर्की प्रक्रिया शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए स्योहारा क्षेत्र स्थित एक औद्योगिक इकाई और उससे जुड़ी संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को जनपद जालौन से आई पुलिस टीम ने संबंधित परिसर पहुंचकर आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और प्रबंधन को नोटिस सौंपा।

अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक प्रकरण से जुड़ी है। जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों की आर्थिक गतिविधियों और उनके नाम से जुड़ी अचल एवं चल संपत्तियों का विवरण संकलित किया गया था। इसके आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा कुर्की के आदेश जारी किए गए हैं। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने संबंधित परिसर का निरीक्षण कर दस्तावेजों का सत्यापन किया। कार्रवाई के दौरान राजस्व अभिलेखों में दर्ज बड़ी मात्रा में भूमि को भी कुर्की की जद में शामिल किया गया है। इसके अलावा औद्योगिक भवन, शेड, मशीनरी ढांचे और अन्य परिसंपत्तियों का भी मूल्यांकन किया गया है। सूत्रों के मुताबिक कुर्क की जाने वाली संपत्तियों का कुल मूल्य सैकड़ों करोड़ रुपये आंका गया है। मंगलवार को नोटिस तामील कराने और अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद बुधवार को कुर्की की कार्रवाई को अंतिम रूप दिए जाने की तैयारी की गई। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। स्थानीय पुलिस के साथ बाहर से आई टीम पूरे समय मौके पर मौजूद रही। प्रशासन का कहना है कि कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है और आगे की प्रक्रिया भी नियमानुसार पूरी की जाएगी।

# मुराईबाग चौराहे पर ओवरलोडिंग ट्रकों की सेटिंग गेटिंग का चल रहा खेल

## - इंट्री के नाम पर घंटों इंतजार, पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल?

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। डलमऊ क्षेत्र के मुराई बाग चौराहे पर ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मौरंग, गिट्टी और बालू से लदे ओवरलोड वाहनों को चौराहे से गुजरवाने के नाम पर घंटों तक सेटिंग–गेटिंग का खेल चलता है। आरोप है कि इंट्री माफिया और कुछ सुरक्षा कर्मियों की मिलीभगत से वाहनों को पार कराया जाता है, जिससे अवैध वसूली का धंधा फल–फूल रहा है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने यह भी चिंता जताई कि ओवरलोड वाहनों में लदी मौरंग और बालू तेज हवा के साथ उड़कर राहगीरों की आंखों में चली जाती है, जिससे दुर्घटना और स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं और आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो



रही है। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मुराई बाग चौराहे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ओवरलोड ट्रक डंफर गुजरते हैं वाहनों को निकलवाने से पहले कथित रूप से फोन पर बातचीत और आपसी तालमेल का सिलसिला चलता है, जिसके बाद ट्रकों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दौरान नकद लेनदेन की चर्चाएं भी आम हैं और ओवरलोड वाहनों को बेखौफ तरीके से रास्ता दिया जाता है। बुधवार सुबह सामने आए एक वीडियो को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। दावा किया जा रहा है कि वीडियो में चौराहे पर तैनात सुरक्षाकर्मियों के सामने कथित तौर पर सेटिंग का खेल चलता दिखाई दे रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि यदि खुलेआम ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही और कथित सेटिंग का खेल चल रहा है, तो जिम्मेदार विभाग की नजर इससे क्यों दूर है? यदि क्षेत्र में खुलेआम ओवरलोड वाहनों की आवाजाही हो रही है और स्थानीय स्तर पर शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं, तो संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस पर क्या कार्रवाई कर रहे हैं। इस मामले को लेकर पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

# विवेचकों की बैठक में अपराध नियंत्रण व जांच पर फोकस

न्यूज वाणी ब्यूरो

चांदपुर, बिजनौर। क्षेत्राधिकारी चांदपुर ने थाने में विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित कर अपराधों एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। बैठक के दौरान विभिन्न मामलों की प्रगति का जायजा



लेते हुए विवेचनाओं के निस्तारण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। क्षेत्राधिकारी ने विवेचकों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विवेचना के दौरान तथ्यों और साक्ष्यों का गहन परीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। बैठक में अपराध नियंत्रण, विवेचना की गुणवत्ता तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने विवेचकों से लंबित मामलों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई पूरी करने को कहा।

# अधिग्रहित भूमि के स्वामी 20 जून को प्रस्तुत करें दावा

## – राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–927 का होगा चौड़ीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 927 (बाराबंकी–बहराइच सेक्शन) का फोरलेन चौड़ीकरण/निर्माण प्रस्तावित है। प्रस्तावित निर्माण के भू–अधिग्रहण प्रस्ताव मे जनपद की तहसील कैसरगंज 52 ग्रामों मे राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3डी का प्रकाशन भारत के राजपत्र मे 18 मार्च को हुआ है। भारत के राजपत्र मे प्रकाशित अधिसूचना में तहसील कैसरगंज के ग्राम अड्डसा, बरौलिया, जरवल (ग्रामीण), बीबीपुर, सुर्जना जाफर मेहँदी, हैदरपुर नौबस्ता, अचेहरा, कोड़री चन्दन, पवही, पेण्डारी खुर्द, बढ़ौली, अकबरपुर खुर्द, नन्दोलिया, महुरी कला, सुमेरपुर, पेड़वा, हतिन्सा सम्सपुर, कहरई, वैरी महेशपुर, कसेहरी खुर्द की भूमि प्रभावित है। यह जानकारी देते हुए सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति) राजेश प्रसाद ने बताया कि योजना में प्रभावित भूखण्ड के हितबद्ध व्यक्ति 20 जून को पूर्वान्ह 11:00 बजे कपूरथला परिसर स्थित सक्षम प्राधिकारी (भूमि अध्याप्ति)/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना क्लेम (दावा) प्रस्तुत कर सकते हैं।

# गदागंज थाने में न्याय मांगने वाले पर ही कार्रवाई

## - पीड़ित परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। थाना गदागंज क्षेत्र में एक पीड़ित परिवार ने स्थानीय पुलिस और कुछ दबंग लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित जंग बहादुर का कहना है कि वह अपने घर का निर्माण कार्य करा रहे थे, इसी दौरान निर्माण में प्रयुक्त कुछ मिट्टी सड़क पर आ गई थी। इसी बात को लेकर क्षेत्र के कुछ लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया। पीड़ित के अनुसार बीते रात लगभग 10 से 15 लोग उनके घर पहुंचे और कथित रूप से गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि दबंगों ने परिवार में भय का माहौल पैदा कर दिया और कहा कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। पीड़ित परिवार का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है, बल्कि आए दिन घर के बाहर आकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है तथा धमकियां दी जाती हैं। परिवार का आरोप है कि कुछ लोग रात के समय नशे की हालत में घर के पास पहुंचकर हंगामा करते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों में भी डर का माहौल बना हुआ है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि जब उन्होंने अपनी सुरक्षा और न्याय की मांग को लेकर थाना गदागंज में प्रार्थना पत्र दिया, तब उनकी शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हीं को कार्रवाई की धमकी दी गई पीड़ित का आरोप है कि थाने में मौजूद एक हल्का दरोगा द्वारा उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उन्हें अपमानित करते हुए भगा दिया गया इतना ही नहीं, पीड़ित पक्ष का कहना है कि उन्हें 151 की कार्रवाई कर जेल भेजने की धमकी भी दी गई। इससे परिवार खुद को असुरक्षित और परेशान महसूस कर रहा है पीड़ित परिवार का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति के घर पर दबंगों द्वारा चढ़ाई की



जाए, जान से मारने की धमकियां दी जाएं और फिर भी उसकी शिकायत पर सुनवाई न हो, तो आम नागरिक न्याय के लिए आखिर कहां जाए? परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है उत्तर प्रदेश सरकार जहां अपराध और माफियातत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की बात करती है, वहीं पीड़ित परिवार का आरोप है कि कुछ स्थानीय अधिकारियों के रवैये के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। अब परिवार ने उच्च अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है।

# टीबी मुक्त भारत : ढाबों-होटलों पर चला स्क्रीनिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे 100 दिवसीय टीबी खोजी अभियान में स्वास्थ्य विभाग ने पूरी गंभीरता दिखाई है। बुधवार को जिले के प्रमुख ढाबों और होटलों पर विशेष स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए गए। शिवा ढाबा ब्रजघाट, बाबूगढ़ छावनी सहित कई स्थानों पर लगे शिविर में हैंडहेल्ड एक्स–रे मशीन के माध्यम से ढाबा कर्मचारियों की जांच



की गई। साथ ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन और बीएमआई की निःशुल्क जांच की गई। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेन्द्र सिंह ने टीबी के लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और पूरा कोर्स पूरा करने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए कटिबद्ध है। यह बीमारी पूर्णतः इलाज योग्य है। उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. .ष्ण कुमार शर्मा ने लक्षण बताते हुए अपील की कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बलगम में खून, बुखार, वजन घटना या छाती में दर्द होने पर तुरंत जांच कराएं। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर टीमें गांव–गांव पहुंचकर सेवाएं दे रही हैं। समय पर जांच व इलाज से टीबी पर विजय पाई जा सकती है। शिविर में गजेन्द्र पाल सिंह, रामसेवक, हसमत अली, राजकुमार आदि स्वास्थ्य कर्मियों ने सभी स्टाफ की जांच की। स्वास्थ्य विभाग का यह सक्रिय अभियान टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जूता कारोबारी के ठिकाने पर ईडी की दस्तक, वित्तीय रिकर्र्ड खंगाले

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। मीरापुर खास गांव में बुधवार सुबह उस समय हलचल मच गई जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक टीम सुरक्षा बलों के साथ एक कारोबारी के आवास पर पहुंची। टीम ने परिसर में प्रवेश कर विभिन्न दस्तावेजों की जांच शुरू की और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की।

जानकारी के अनुसार संबंधित परिवार जूता व्यापार से जुड़ा हुआ है तथा क्षेत्र में उनका व्यवसाय लंबे समय से संचालित है। जांच एजेंसी ने कारोबार से जुड़े अभिलेख, बैंकिंग लेन–देन और अन्य वित्तीय दस्तावेजों की गहन पड़ताल की। कार्रवाई के दौरान कुछ बैंक अधिकारियों से भी संपर्क कर खातों और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ी जानकारी जुटाई गई। सूत्रों का कहना है कि जांच टीम विभिन्न वित्तीय पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कार्रवाई के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों और स्थानीय पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेरे में रखा। आवास के आसपास लोगों की भीड़ एकत्र होने लगी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी को भी जांच प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं करने दिया गया। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई देर तक जारी रही। गांव में दिनभर इस छापेमारी को लेकर चर्चाओं का माहौल बना रहा। हालांकि जांच एजेंसी की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई थी। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही मामले में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# चिकित्सकों के खिलाफ आशा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। हल्दौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े विवाद को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचीं और अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने स्वास्थ्य केंद्र में तैनात दो चिकित्सकों के व्यवहार पर गंभीर आपत्तियां जताते हुए प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की। आशा कार्यकर्ताओं का कहना था कि स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य के



दौरान उन्हें और महिला लाभार्थियों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में उन्होंने पहले भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन को शिकायतें सौंपकर मामले की जांच कराने की मांग की थी। प्रदर्शन के दौरान आशा संगठन की पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि संबंधित चिकित्सकों का व्यवहार महिलाओं के प्रति उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सूचना मिलने पर पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रही महिलाओं से बातचीत की। बाद में उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को जिलाधिकारी से मिलवाया, जहां आशा कार्यकर्ताओं ने अपना पक्ष विस्तार से रखा। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर, स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहले ही मामले की जांच के लिए समिति गठित की जा चुकी है। विभागीय स्तर पर की गई कार्रवाई के तहत एक चिकित्सक को अन्य स्वास्थ्य केंद्र के लिए स्थानांतरित किए जाने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि आशा कार्यकर्ताओं का कहना है कि उनकी मांग पूरी तरह पूरी होने तक वे अपनी आवाज उठाती रहेंगी। प्रदर्शन में ब्लॉक क्षेत्र की अनेक आशा कार्यकर्ता और संगठन की पदाधिकारी मौजूद रहीं।

# सार्वजनिक कुएं पर अवैध कब्जा, हिंदू समाज में आक्रोश

## - नगर पंचायत खीरी की उदासीनता से भड़के लोग, शिकायत के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

खीरी। नगर पंचायत खीरी के मोहल्ला पट्टी रामदास में एक ऐतिहासिक सार्वजनिक कुएं पर अवैध कब्जे को लेकर क्षेत्र के हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। आरोप है कि स्थानीय प्रशासन को लिखित शिकायत दिए जाने के बावजूद नगर पंचायत खीरी कुंभकरणी नींद सोया हुआ है और अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। मामले का खुलासा तब हुआ जब कस्बा खीरी के जागरूक निवासी लवकुश सिंह ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को एक शिकायती पत्र सौंपा। शिकायतकर्ता लवकुश सिंह ने बताया कि बीते माह की 30 तारीख को ही नगर पंचायत प्रशासन को लिखित रूप से अवगत करा दिया गया था कि मोहल्ले के ही साबिर नाम के एक व्यक्ति ने दबंगई के बल पर सार्वजनिक कुएं को अपने निजी मकान के दायरे में शामिल कर लिया है। सार्वजनिक संपत्ति को इस तरह हड़पने से स्थानीय निवासियों में गहरा रोष है। शिकायतकर्ता ने बताया कि हमने 30 तारीख को ही लिखित प्रार्थना पत्र देकर नगर पंचायत को मामले की गंभीरता से अवगत करा दिया था, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी खीरी नगर पंचायत ने मौके पर जाकर जांच करना भी मुनासिब नहीं समझा। प्रशासन की यह चुप्पी अपराधियों को संरक्षण देने जैसी है प्रशासनिक उदासीनता पर उठे सवाल स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जल संकट के इस दौर में जहां जल स्रोतों को बचाने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं नगर पंचायत खीरी की नाक के नीचे सार्वजनिक कुएं को गायब किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद भी नगर पंचायत द्वारा कोई संज्ञान न लेना उनकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान खड़े करता है। हिंदू समाज के लोगों का कहना है कि यह सिर्फ जमीन का नहीं, बल्कि जनभावनाओं और सार्वजनिक संपदा से जुड़ा मामला है। जिलाधिकारी की चौखट पर दस्तक देने की तैयारी शिकायतकर्ता लवकुश सिंह और मोहल्ले के आक्रोशित लोगों ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि नगर पंचायत खीरी ने जल्द ही इस अवैध कब्जे को हटवाने और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का कदम नहीं उठाया, तो वे चुप नहीं बैठेंगे। इस मामले को लेकर जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मुलाकात करेगा और उन्हें नगर पंचायत की लापरवाही व अवैध कब्जे की जमीनी हकीकत से रूबरू कराकर न्याय की गुहार लगाएगा।

# जिला समन्वयक ने किया नवांगत डीआईओएस का अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सिविल लाइन दबरई में जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक एवं श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन ने नवागत जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय का अभिनन्दन पट्टिका पहनाकर एवं अभिनन्दन पत्र भेंट करके सम्मानित किया। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय ने जनपद में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला की प्रधानाचार्या एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्या की भूमिका में कई सराहनीय कार्य किए हैं। इनका व्यक्तित्व आकर्षक, सरल हृदयी, सामाजिक, कर्तव्यनिष्ठ एवं कार्यशैली उत्.ष्ट है। उनके जनपद में पदभार ग्रहण करने पर जिला विज्ञान क्लब हार्दिक अभिनंदन करते हुए उनके मार्गदर्शन एवं छत्र छाया में विद्यार्थियों के मध्य वैज्ञानिक .ष्टिकोण में वृद्धि करने के लिए आतुर है। जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय ने जिला समन्वयक को जनपद में विज्ञान की गतिविधियों जिनमें इन्सपायर अवार्ड योजना, विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, विज्ञान संगोष्ठी आदि के लिए निर्देश प्रदान किए।




# पीएम राहत कैशलेस ट्रीटमेंट शुरू, सड़क हादसों में घायलों को मुत इलाज

## - सात दिनों तक 1.5 लाख तक निःशुल्क उपचार, पुलिस करेगी 48 घंटे में सत्यापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

हापुड़। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मीटिंग रूम में पीएम राहत कैशलेस ट्रीटमेंट योजना को लेकर महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और एनआईसी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील गुप्ता (आईआरएडी हेल्थ नोडल अधिकारी) की उपस्थिति में प्राइवेट अस्पतालों के प्रतिनिधियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। एनआईसी के जिला आईआरएडी प्रभारी निशांत राजपूत ने ट्रेनिंग दी, जिसका नेतृत्व जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी प्रशांत सिरोही ने किया। पुलिस की ओर से सीओ ट्रैफिक राहुल यादव भी मौजूद रहे। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को किसी भी प्राइवेट अस्पताल ले जाने पर अस्पताल स्टाफ ज्डै पोर्टल पर तुरंत विक्टिम आईडी जनरेट करेगा। पुलिस द्वारा 24 से 48 घंटे के अंदर सत्यापन के बाद घायल का इलाज शुरू हो जाएगा। 7 दिनों तक 1 रुपये से 1.5 लाख रुपये तक का पूरा इलाज मुत होगा। सरकार का लक्ष्य है कि समय पर उपचार न मिलने से होने वाली मौतों को रोका जाए। इसके साथ ही राहवीर योजना के तहत गोल्डन ऑवर में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी। यह योजना सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करेगी।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# अवैध परिवहन संचालन व टूर-ट्रेवल एजेंसियों के विरुद्ध व्यापक अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार रूपईडीहा क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित परिवहन सेवाओं एवं टूर–ट्रेवल एजेंसियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान में क्षेत्राधिकारी नानपारा पुहूप सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता तथा थाना प्रभारी निरीक्षक नानपारा एवं टीआई रंजीत भदौरिया सहित अन्य अधिकारियों ने सहभागिता की। इस दौरान पूरे कस्बे में लैग मार्च किया गया तथा निजी वाहनों द्वारा अवैध रूप से सवारी ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 06 वाहनों को बंद कराया गया। इस कार्रवाई में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) का भी सहयोग प्राप्त हुआ। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा रूपईडीहा क्षेत्र से अवैध रूप से संचालित बसों एवं अन्य चारपहिया वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संचालित विभिन्न टूर एवं ट्रेवल एजेंसियों की भी जांच की गई। जांच के दौरान शुक्ला टूर एंड ट्रेवल्स तथा शुभ यात्रा टूर एंड ट्रेवल्स में आवश्यक वैध अभिलेख एवं पंजीकरण संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए गए। मौके पर उपलब्ध अभिलेखों को जांच हेतु कब्जे में लिया गया तथा संबंधित संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित समयावधि में अपने प्रतिष्ठान का विधिवत पंजीकरण कराएं, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# रेड अलर्ट हीटवेव के दृष्टिगत कार्यवाहियां सुनिश्चित किये जाने निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अत्यधिक तापमान एवं गंभीर हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है। वर्तमान स्थितियों को .ष्टिगत रखते हुए जनसामान्य, श्रमिकों, विद्यार्थियों, वृद्धजनों, गर्भवती महिलाओं एवं संवेदनशील वर्गों को तापीय तनाव से सुरक्षित रखने हेतु तत्काल प्रभाव से कार्यवाहियां सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है। जनपद में आवश्कतानुसार विद्यालयों के समय में परिवर्तन/अवकाश घोषित करने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अत्यधिक तापमान रेड अलर्ट की समयावधि में निर्माण कार्य, फैक्ट्री संचालन एवं बाहरी श्रम कार्यों के समय में परिवर्तन करते हुए दोपहर 12 बजे से अपराह्न 4 बजे तक श्रमिकों के प्रत्यक्ष धूप में कार्य को न्यूनतम किया जाए। श्रम विभाग एवं औद्योगिक ईकाइयों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किये जाए। नगर निकायों एवं सम्बंधित विभागों द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं भीड़–भाड़ वाले स्थलों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मन्दिर, बाजारों आदि में कूल शेल्टर्स, छायादार विश्राम स्थल, पेयजल व्यवस्था, प्यायू (कियोस्क) एवं वाटर टैंकर्स की उपलब्धता, चौराहों पर ग्रीन नेटध्शेड्स तथा सड़कों के किनारे पानी का छिड़काव (वाटर स्प्रिंकलर) सक्रिय किया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समस्त जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सीएचसी, पीएचसी, आंगनबाड़ी केन्द्रों में हीट स्ट्रॉक, डिहाइड्रेशन उपचार हेतु आवश्यक दवाईयां, ओआरएस, आईवी लूड, कूलिंग बेड, हेल्थ एटीएम, ट्रेंड स्टॉफ एवं अतिरिक्त चिकित्सीय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एम्बुलेंस सेवा एवं आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया तंत्र को हाई अलर्ट मोड पर रखा जाए तथा हीट स्ट्रोक मामलों की दैनिक निगरानी की जाए। पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं हेतु पेयजल एवं छायादार स्थान तथा आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नगर विकास, ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा सार्वजनिक पेयजल सप्रेतों की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जलापूर्ति में व्यवधान न हो। जनपद स्तर पर व्यापक जन जागरूकता (सोशल मीडिया, माइकिंग, पीए सिस्टम, कूड़ागाड़ी के माध्यम से) जन जागरूकता अभियान संचालित करते हुए नागरिकों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे के समय अनावश्यक बाहर न निकले एवं पर्याप्त जल का सेवन करें तथा हीट स्ट्रोक के लक्षणों करें क्या न करें के सम्बंध में जागरूक किया जाए। समस्त विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनपद स्तरीय हीट एक्शन प्लान के क्रियान्वयन हेतु जनपद के आधार पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कर उ०प्र० राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को अवगत कराया जाए। अत अपेक्षा है कि उपरोक्त कार्यवाहियां प्राथमिकता के आधार पर तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करते हुए किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जनपद प्रशासन पूर्ण सर्तकता बनाये रखें।



# गुरेह गांव में सात दिन से बिजली गुल

### – बहाल न होने पर ग्रामीणों ने धरना की दी चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। बड़ोखर खुर्द ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुरेह में पिछले एक सप्ताह से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। भीषण गर्मी में आधे से ज्यादा गांव की आबादी का जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 4 जून तक बिजली बहाल न होने पर बबेरू रोड पर शांतिपूर्ण धरना व चक्का जाम की चेतावनी दी है। ग्रामीणों संतोष, रामसिंह, अजय पटेल, योगेंद्र पाल, शुभम पटेल समेत समस्त ग्रामवासियों ने बताया कि बिजली न आने से बच्चों की पढ़ाई, पेयजल व्यवस्था और किसानों की सिंचाई पूरी तरह ठप है। रोजमर्रा के काम भी नहीं हो पा रहे। तापमान 45 डिग्री के पार है, ऐसे में बिना बिजली के हालात बेहद खराब हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग को कई बार मौखिक और लिखित सूचना दी गई, लेकिन न कोई टीम मौके पर आई और न ही कटौती में सुधार हुआ। विभागीय लापरवाही से लोगों में भारी आक्रोश है। 3 जून को डीएम को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि यदि 4 जून तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं की गई तो मजबूरन गुरेह में बबेरू रोड पर शांतिपूर्ण धरना व चक्का जाम किया जाएगा। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी बिजली विभाग और जिला प्रशासन की होगी।



# पत्नी व दो मासूम बेटियों के हत्यारे पति को फांसी की सजा

### - हत्यारे पति ने पत्नी व दो बेटियों को सिलबट्टे से कूंचकर मार डाला था

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। शहर के मोहल्ला समदनगर में तीन साल पूर्व घरेलू विवाद के चलते अपनी पत्नी और दो बेटियो की मसाला पीसने वाले पत्थर के सिलबट्टे से कुचलकर हत्या कर दिए जाने के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट की न्यायाधीश अपर्णा त्रिपाठी ने आरोप सिद्ध हो जाने पर आरोपी देवेंद्र विश्वकर्मा को फांसी की सजा सुनाई। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला समदनगर में 17 जुलाई 2023 की रात को नशे का लती देवेंद्र विश्वकर्मा ने अपनी पत्नी रामकुमारी, बेटी आरुषि (9) और सोनाक्षी (6) की पत्थर से कूंचकर हत्या कर दी। काफी देर तक बहू के कमरे का दरवाजा न खुलने पर वृद्धा ने कमरे को बाहर से दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी की आवाज न आने और दरवाजा न खुलने पर घबराई वृद्धा उसी रात नौ बजे कोतवाली चली गई। इसके बाद पुलिस को साथ लेकर लौटी तो कमरे का बाहर से ताला बंद मिला। पुलिस ने ताला तोड़कर अंदर देखा तो तीनों के शव खून से लथपथ पड़े मिले। पास में हत्या में प्रयुक्त किए जाने वाला पत्थर का सिलबट्टा भी पड़ा हुआ था। वारदात को अंजाम देन के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसे पुलिस ने देर रात को करिया पठवा के पास बने अंडर ब्रिज से गिरतार कर लिया था। मृतका के पिता हरिप्रसाद ने अपने दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। शासन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश सिंह और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुरेंद्र प्रताप राजपूत ने अदालत में अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व किया। इस मामले में 5 पुलिस कर्मियों, एक डॉक्टर और मृतका के परिजनों सहित कुल 9 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। घटना के समय पीड़ितों के अलावा कोई तीसरा मौजूद नहीं था और मौके के साक्ष्य पूरी तरह देवेंद्र के खिलाफ थे, इसलिए अदालत ने सभी साक्ष्योंऔर पत्रावलियोंका बारीकी से अवलोकन करने के बाद इसे जघन्य अपराध माना और आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचाने का फैसला सुनाया। इस फैसले से पीड़ित परिवार और अभियोजन पक्ष पूरी तरह संतुष्ट हैं।



# पंचनद प्रेरणा रसोई का शुभारंभ

### – स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिलेगा रोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

सैफई, इटावा। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत पंचनद ब्लॉक क्षेत्र में तहसील परिसर सैफई में पंचनद प्रेरणा रसोई का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम एवं प्रशिक्षु आईएएस कोमल पुनिया ने किया। इस अवसर पर रसोई संचालिका रश्मि द्वारा तैयार किए गए भोजन का अवलोकन करते हुए अधिकारियों ने उसकी गुणवत्ता एवं स्वाद की सराहना की। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की दिशा में जनपद में एक नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पंचनद प्रेरणा रसोई का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ–साथ आमजन को किफायती एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। उपजिलाधिकारी सैफई सिद्धार्थ चौधरी ने कहा कि यह पहल स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के आर्थिक उत्थान तथा सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) विनय कुमार, तहसीलदार सैफई आभा चौधरी, खंड विकास अधिकारी सैफई गौरव पुरोहित, जिला मिशन प्रबंधक सूर्य नारायण पाण्डेय, ब्लॉक मिशन प्रबंधक बृजेंद्र कुमार, धर्मेंद्र श्रीवास्तव सहित स्वयं सहायता समूह की अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। पंचनद प्रेरणा रसोई के शुभारंभ से क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



# नियमित रूप से साइकिल चलाने से प्रदूषण मुक्त एक बेहतरीन व्यायाम

### – शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य को बनाता बेहतर

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। मेरा युवा भारत केंद्र के तत्वाधान में उप निदेशिका के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत अली हास में अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस पर साइकिल रेस प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी आयोजन गया। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम जनम सिंह प्रवक्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साइकिल दिवस एक जागरूकता का कार्यक्रम है जो व्यक्ति प्रतिदिन साइकिल चलाने से शारीरिक मानसिक को बेहतर बनाता है साथ ही साथ दिल दिमाग वजन को नियंत्रित करता वेदप्रकाश यादव ने कहा कि साइकिल चलाना एक कार्डियो व्यायाम है जो ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर एवं कमजोर मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। प्रतियोगिता का शुभारंभ रामजनम सिंह प्रवक्ता के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया जिसमे प्रतियोगिता में प्रथम आयुष यादव द्वितीय राम आशीष यादव तृतीय स्थान आदित्य कुमार अर्जित किया। कार्यक्रम का संचालन हरिप्रसाद मुरारी मेरा युवा भारत केंद्र द्वारा किया गया जिसमे साइकिल का आविष्कार किसी एक व्यक्ति ने नहीं किया बल्कि इसके डिजाइनर ने कई वैज्ञानिक ने अलग अलग समय पर योगदान दिया है 1817 में जर्मनी के आविष्कार ने पहली रनिंग साइकिल बनाई जिसमें पैडल नहीं थे प्रतिदिन साइकिल चलाने से आर्गन स्टोक को रोका जा सकता है। कार्यक्रम का आभार एवं समापन संदीप यादव ने किया। इस अवसर पर सत्यम अरुण सोनू अंकित आर्यन अनुराग पवन अंश आदि उपस्थित रहे।



# हुजूरपुर सीएचसी में प्रोजेक्ट मातृ छाया के तहत अत्याधुनिक प्रसव केंद्र शुरू

### - गांव में मिलेगी निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सु.ढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। प्रोजेक्ट मातृ छाया के अंतर्गत सीएचसी व आकांक्षी ब्लॉक हुजूरपुर में निर्मित अत्याधुनिक प्रसव एवं मातृ–शिशु देखभाल केंद्र का उद्घाटन किया गया। क्षेत्रीय विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि निशांक त्रिपाठी व ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस विश्वस्तरीय सुविधा का लोकार्पण किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना पीएसआई इंडियाश् और एसबीआई फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से धरातल पर उतारी गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सरकार का संकल्प है। हुजूरपुर सीएचसी में अब गरीब महिलाओं को भी कॉरपोरेट अस्पतालों जैसी सुरक्षित प्रसव सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। वहीं हुजूरपुर, ब्लॉक प्रमुख, अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि इस अत्याधुनिक केंद्र और नवजात शिशु देखभाल इकाई की शुरुआत से क्षेत्र में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी। यह ब्लॉक अब स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में जिले के लिए रोल मॉडल साबित होगा। समारोह के दौरान राज्य स्तर से आईं मातृ स्वास्थ्य की संयुक्त निदेशक डॉ. शालू गुप्ता भी मौजूद रहीं। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन, आयुष्मान गोल्डन कार्ड और टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण भी किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आभाष अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि निर्बाध स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए केंद्र पर 35 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। पूरे परिसर (एएनसी व पीएनसी वार्ड, वेटिंग एरिया, नर्सिंग स्टेशन और स्टाफ रूम) को पूर्ण रूप से वातानुकूलित (एसी) बनाया गया है। इस परियोजना के तहत हुजूरपुर प्रदेश की पहली ऐसी सीएचसी बन गई है, जिसे अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीन मिली है। उद्घाटन के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कविता चौधरी ने दो गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड कर सेवा का शुभारंभ किया। इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के तीन जनपदों बहराइच, हरदोई और बलरामपुर में एक–एक सीएचसी का चयन कर उनका कायाकल्प किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण महिलाओं को घर के पास ही प्राइवेट अस्पतालों जैसी सुरक्षित प्रसव सुविधाएं मिल सकें। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने कहा सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ नवजात शिशु हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हुजूरपुर में विकसित यह आधुनिक केंद्र क्षेत्र की हजारों गर्भवती महिलाओं व शिशुओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर डीएचईआईओ बृजेश सिंह, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष महेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश सिंह, सुधीर निषाद मंडल महामंत्री सत्येंद्र सिंह प्रधान एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, एएनएम, आशा और भारी संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहे।



# जौहर अली का असिस्टेंट कमाडेंट पद पर चयन, पेश की मिसाल

न्यूज वाणी ब्यूरो/गाजीपुर। सेवराई तहसील क्षेत्र के बारा गांव निवासी मोहम्मद जौहर अली खान ने अपनी मेहनत, लगन और .ढ़ संकल्प के दम पर सफलता की नई मिसाल कायम की है। असम राइफल्स में सेवाएं दे रहे जौहर अली का चयन विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (एलडीसीई) के माध्यम से वर्ष 2026 में असिस्टेंट कमांडेंट पद के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मोहम्मद जौहर अली खान, अब्दुल हक खान के पुत्र हैं। उनका जन्म 10 अप्रैल 1987 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 2004 में यूपी बोर्ड से हाईस्कूल और वर्ष 2006 में इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद वर्ष 2011 में स्नातक तथा वर्ष 2014 में परास्नातक की डिग्री हासिल की। शैक्षणिक जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उन्हें तीन बार श्बेस्ट स्टूडेंटश सम्मान से भी नवाजा गया। वर्ष 2008 में उनका चयन असम राइफल्स में हुआ, जहां उन्होंने विभिन्न जिम्मेदारियों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया सेवा के दौरान उन्होंने विभागीय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी जारी रखी और लगातार प्रयासों के बाद असिस्टेंट कमांडेंट पद हासिल करने में सफलता प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय तटरक्षक बल (इंडियन कोस्ट गार्ड) की परीक्षा में भी भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। जौहर अली की इस सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




# साइंस घर कार्यक्रम में सत्यम ने लीकेज अलर्ट सिस्टम मॉडल किया प्रस्तुत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें तृतीय दिवस पर कक्षा 11 के छात्र सत्यम गोस्वामी ने अपने मॉडल लीकेज अलर्ट सिस्टम के प्रस्तुतिकरण में बताया कि पाइपलाइन में होने वाला रिसाव यदि समय पर ज्ञात न हो तो बड़ी मात्रा में जल अथवा अन्य तरल पदार्थ व्यर्थ नष्ट हो सकती हैं। इससे आर्थिक एवं पर्यावरणीय दोनों प्रकार की हानि होती है। यह प्रणाली पाइपलाइन के प्रवाह एवं दबाव की निरंतर निगरानी करती है। जब पाइपलाइन में किसी स्थान पर रिसाव होता है, तब प्रवाह या दबाव में असामान्य परिवर्तन उत्पन्न होता है। इस मॉडल की प्रणाली परिवर्तन को पहचानकर तुरन्त चेतावनी संकेत सक्रिय कर देती है, चेतावनी के रूप में ध्वनि संकेत तथा प्रकाश संकेत प्राप्त होता है, जिससे संबंधित व्यक्ति को तुरंत जानकारी मिल जाती है। अश्वनी कुमार जैन ने सत्यम के मॉडल की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सत्यम को इस मॉडल में चेतावनी संकेत के साथ मोबाइल पर अलर्ट सिस्टम के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




# शिक्षक पूरी ईमानदारी व कर्तव्य निष्ठा से करते कार्य : रामचंद्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। बेसिक शिक्षा विभाग के मुखिया नवांगत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का आज तीन जून को पूर्व माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र मिश्र जिला मंत्री रणविजय सिंह यादव के नेतृत्व में ब्लॉक इकाई खैराबाद महोली एलिया परसेंडी मछरेहटा सहित जनपद के समस्त शिक्षक पदाधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति में जनपद में शिक्षा परिवार के नए मुखिया आदरणीय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का बड़े हर्षोल्लास के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम चंद्र मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश का यह जनपद बहुत ही महत्वपूर्ण जनपद है। इस जनपद की भूमि के कण कण में अतिथि देवोभव भरा हुआ है हमारे जनपद के समस्त शिक्षक अपने अधिकारियों का सम्मान हृदय से करते हैं और अपना मुखिया अपना संरक्षक दिल से मानते हैं और अपने समस्त कार्य पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा से करते रहे हैं और आपको विश्वास दिलाते हैं कि भविष्य में भी आपका पूरा सहयोग रहेगा और आपके निर्देशन में जनपद सीतापुर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान को प्राप्त करेगा।नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्वागत में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ मछरेहटा के अध्यक्ष पवन शुक्ला मंत्री सुनील कुमार यादव ने स्वागत में कुछ पंक्तियां भी प्रस्तुत किया। हमारे जिला अध्यक्ष व जिला मंत्री का आपसे मिलना जिला प्रशासन और शिक्षक संगठन के बीच मधुर समन्वय और आपसी सम्मान के नए अध्याय की शुरुआत है। उम्मीद है कि इस ऊर्जावान शुरुआत से सीतापुर की बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को एक नई गति और ऊंचाई मिलेगी। इस अवसर पर खैराबाद ब्लॉक अध्यक्ष नरेश मिश्र मंत्री जहीर आलम वरिष्ठ उपाध्यक्ष काजिम हुसैन, संयुक्त मंत्री शशिबाला उपाध्यक्ष आशीष मिश्र, योगेन्द्र पांडेय,परसेंडी ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद हारून, कुलदीप अवस्थी, आशीष वर्मा, एलिया के अध्यक्ष कुलदीप बाजपेई, महोली ब्लॉक अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार शुक्ला, नीरज वर्मा, आदर्श गुप्ता, संजीव बाजपेई, मछरेहटा के पवन शुक्ला मंत्री सुनील कुमार यादव, हरगांव से रमाशंकर अवस्थी, पिसावा से पंकज त्रिवेदी संरक्षक, योगेन्द्र कुमार यादव अध्यक्ष अशोक कुमार मीडिया प्रभारी, विशेष वर्मा, सुशील यादव, अरुण पांडेय पहला, मिश्रिख से नरेंद्र पाल यादव, अमित कुमार गुप्ता आदि मुख्य हैं। इसके अलावा सैकड़ों शिक्षक शिक्षिका अनुदेशक साथी मौजूद थे। साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय का स्टाफ भी शामिल रहा। बेसिक शिक्षा अधिकारी पटेल ने सभी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।





# एक पेड़ मां के नाम थीम पर रोपे जाएगे 54 लाख पौधे

## - वन विभाग 18 लाख व 26 अन्य सरकारी विभाग व प्राइवेट कंपनियां संभालेंगी 36 लाख रोपने का जिम्मा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में इस साल पर्यावरण दिवस के मौके पर बांदा जिले को पूरी तरह हरा–भरा बनाने और वन क्षेत्र का दायरा बढ़ाने के लिए एक ऐतिहासिक तथा अभूतपूर्व वृक्षारोपण महाभियान शुरू होने जा रहा है। प्र.ति संरक्षण को समर्पित इस विशाल हरित अभियान के तहत इस बार पूरे जिले में रिकॉर्ड 54 लाख पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निध ारित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और सुनियोजित रणनीति के चलते इस बार के पौधरोपण कार्यक्रम को महज एक सरकारी औपचारिकता न रखकर एक व्यापक जन–आंदोलन का रूप दे दिया गया है ताकि समाज का हर वर्ग सीधे तौर पर प्र.ति को संवारने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सके। पांच लाख फलदार भी इस बार रोपित किये जायेंगे पौधे इस विशाल लक्ष्य को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूरा करने के लिए वन विभाग सहित तमाम प्रशासनिक अमले और निजी संस्थाओं ने पूरी ताकत झोंक दी है। इस पूरे महाभियान की कमान संभालते हुए अकेले वन विभाग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 18 लाख पौधों का रोपण करेगा। जबकि शेष 36 लाख पौधों को रोपने का बड़ा जिम्मा अन्य 26 सरकारी विभागों और निजी कंपनियों को सौंपा गया है। पर्यावरण संतुलन के साथ–साथ आम जनमानस को पोषण से समृद्ध करने के उद्देश्य से इस बार विशेष रूप से लगभग 5 लाख फलदार पौधों को लगाने का निर्णय लिया गया है जो आने वाले समय में जिले की आर्थिक और पोषण सुरक्षा को भी सु.ढ़ करेंगे। ष्एक पेड़ मां के नामष थीम पर होगा वृक्षारोपण का कार्यक्रम योगी सरकार की इस अनूठी मुहिम



को बेहद भावनात्मक और जन–केंद्रित बनाने के लिए इस बार की थीम ष्एक पेड़ मां के नामष रखी गई है। इस संवेदनशील और प्रेरक संदेश के माध्यम से समाज के हर व्यक्ति को पर्यावरण से सीधे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आधुनिक तकनीक का समावेश करते हुए सरकार ने इस बार आम नागरिकों को डिजिटल माध्यम से भी इस अभियान का हिस्सा बनने का अवसर दिया है। लोग अपने द्वारा रोपे गए पौधे की तस्वीर भारत सरकार के श्मेरी लाइफ पोर्टलश पर लाइव अपलोड कर सकेंगे। जिससे उन्हें सीधे इस राष्ट्रीय हरित क्रांति से जुड़े होने का गौरव प्राप्त होगा। जनप्रीतिनिध ियों की भी होगी भागीदारी, पौधों की देखरेख का भी जिम्मा अभियान के दीर्घकालिक प्रभाव और पौधों के सुरक्षित विकास के लिए जनप्रतिनिधियों को भी इस मुहिम में एक बड़ी और जिम्मेदार भूमिका सौंपी गई है। जिले के सभी जनप्रतिनिधि अब अपने–अपने क्षेत्रों में अपने द्वारा निर्मित करवाई जाने वाली नई सड़कों के दोनों किनारों पर सघन पौधरोपण सुनिश्चित करवाएंगे और साथ ही उन पौधों के जीवित रहने तथा उनके उचित रखरखाव का पूरा जिम्मा भी स्वयं संभालेंगे। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी भी होंगे अभियान का हिस्सा डीएफओ अरविंद कुमार ने बताया कि बांदा जिले की सभी 469 ग्राम पंचायतों में इस वृक्षारोपण अभियान को पूरी प्रतिबद्धता के साथ चलाया जाएगा। ग्रामीण स्तर पर इस महाभियान को गति देने के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अग्रणी भूमिका सौंपी गई है जो महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए हर गांव को हरा–भरा बनाएंगी। इसके साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने वाले करोड़ों लाभार्थी भी इस पुनीत कार्य में अपनी स्वेच्छा से श्रमदान करेंगे। सामूहिक प्रयासों और जन–भागीदारी की यह अनूठी कड़ी बांदा जिले में एक बड़े सामाजिक और पर्यावरणीय परिवर्तन की शुरुवात करने जा रही है जिससे जिले की फिजा बदलेगी और वन क्षेत्र के विस्तार से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा।

# मिशन शक्ति : चौबिया पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनजागरूकता अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना चौबिया पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं एवं आमजन को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन



में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकारी सहायता सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता बताते हुए आपातकालीन स्थिति में उनका प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अभियान के दौरान साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा सुरक्षा संबंधी आवश्यक उपायों से अवगत कराया गया। इटावा पुलिस ने कहा कि महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराध ों की रोकथाम के लिए पुलिस का यह प्रयास आमजन में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहा है।

# डीएम ने ली समाज कल्याण विभाग की संचालित समिति की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय चरखारी के कुशल संचालन हेतु प्रबंध समिति की बैठक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कक्ष में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय



संचालन हेतु विद्यालय की भौतिक संरचना, पठन–पाठन, साफ–सफाई, छात्रों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त भोजन आदि व्यवस्थायें सु.ढ़ किये जाने के निर्देश दिये गये। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, चरखारी बमरारा रोड पर स्थित है जो कि पूर्णतः आवासीय विद्यालय है। जिसमें छात्रों के हितार्थ समस्त आवश्यक सुविधाए उन्हें प्रदान की जाती हैं। विद्यालय का संचालन नियमित रूप से होगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, प्राचार्य डायट, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रधानाचार्य ए०टी०एस० चरखारी व वरिष्ठ प्रवक्ता ए०टी०एस० उपस्थित रहे।

# रामगांव पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का डीएम ने लिया जायजा

## - तीन दिवस में अवशेष कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने के दिये निर्देश
## - फार्मर रजिस्ट्री के लिए कृषकों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। कृषि एवं एलायड विभागों द्वारा संचालित योजनाओं में फार्मर आई.डी. की अनिवार्यता को .ष्टिगत रखते हुए जनपद के शत–प्रतिशत .षकों की फार्मर आई. डी. बनाये जाने के उद्देश्य से जनपद की ग्राम पंचायतों में संचालित किये जा रहे शिविरों का जायजा लेने के उद्देश्य जिलाधि ाकारी अक्षय त्रिपाठी ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे के साथ तहसील एवं ब्लाक महसी के ग्राम पंचायत रामगांव का भ्रमण किया। प्राथमिक विद्यालय रामगांव के परिसर में लगाये शिविर के निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी .षि आर.पी. सिंह ने बताया कि लक्ष्य 192 के सापेक्ष 44 .षकों की फार्मर रजिस्ट्री की गई है। निरीक्षण दिवस की बात की जाये तो डीएम के पहुंचने तक 05 .षकों की फार्मर आईडी तैयार की गई थी।डीएम श्री त्रिपाठी ने उप सम्भागीय .षि प्रसार अधिकारी शिशिर कुमार वर्मा को निर्देश दिया कि 03 दिवस के अन्दर अवशेष .षकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि शिविर में आने वाले .षकों की खतौनी, किसान सम्मान निधि इत्यादि से सम्बन्धित यदि कोई समस्या है तो उसका भी निस्तारण कराया जाय। डीएम ने राजस्व विभाग से सम्बन्धित कार्मिकों को निर्देश दिया कि राजस्व वाद तथा चकमार्ग के सम्बन्ध में भी यदि किसी ग्रामीण या .षक की कोई समस्या है तो उसका भी गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करायें। डीएम श्री त्रिपाठी ने बताया कि शिविर में मौजूद .षकों से संवाद करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री .षकों के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण अभिलेख है। आने वाले समय में सरकार की सभी लाभकारी योजनाएं जैसे पीएम किसान सम्मान निधि, खाद–बीज पर सब्सिडी एवं .षि यंत्रों पर छूट इत्यादि सुविधाएं प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी का होना अनिवार्य होगा। निकट भविष्य में फार्मर रजिस्ट्री न होने पर कृषक सरकारी लाभों से वंचित भी सकते



हैं। जिलाधिकारी ने .षकों को सुझाव दिया कि अपने आधार लिंक्ड मोबाइल, आधार नम्बर व खतौनी अथवा गाटा संख्या के साथ शिविर में आकर अथवा नजदीकी जनसेवा केन्द्र पर जाकर या लेखपाल से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री बन जाने से .षकों को क्रय केंद्रों पर गेहूं, धान, सरसों इत्यादि बेचने हेतु सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र तीन दिनों में बन जाएगा, आपदा से फसलों में क्षति होने पर क्षतिपूर्ति प्राप्त करने, खाद बीज सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के साथ–साथ किसान सम्मान निधि के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य होगी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी प्रतीक, लेखपाल, सचिव, पंचायत सहायक व अन्य सम्बन्धित कार्मिक मौजूद रहे।

# महिला कल्याण मंत्री का आगमन आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य कल (आज) जनपद दौरे पर रहेंगी। निध ारित कार्यक्रम के अनुसार वह दोपहर 12 बजे लखनऊ स्थित आवास से प्रस्थान कर अपराह्न 3.30 बजे निरीक्षण भवन पहुंचेंगी। इसके पश्चात मंत्री 3.50 बजे ताखा के लिए प्रस्थान करेंगी तथा शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में भाग लेंगी। बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही प्रशासनिक समन्वय समिति एवं कोर कमेटी की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठक संपन्न होने के बाद मंत्री शाम 5.30 बजे यहां से प्रस्थान करेंगी और रात्रि 7.30 बजे आगरा स्थित अपने आवास पहुंचेंगी। उनके आगामी कार्यक्रम की सूचना बाद में जारी की जाएगी।

# तंबौर पुलिस ने बदमाश को मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

तंबौर, सीतापुर। थाना तम्बौर क्षेत्र के कस्बा तम्बौर निवासी सादाब पुत्र जफर उम्र करीब 35 वर्ष मोहल्ला शेखन टोला जो कि विहार में एक प्लाईवुड पर काम करता था परिजनों का कहना है कि वह पांच दिन पहले काम करके घर वापस आया था और वह सराब बहुत पीता था मंगलवार को सुबह घर से गायब था परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन की गयी परन्तु कोई जानकारी नहीं मिली शाम करीब 5 बजे पूर्व सांसद राजेश वर्मा के घर के पास टहलता दिखाई दिया। किसी की हत्या के इरादे से असलहा



कारतूस व चाकू लेकर घूम रहा था इसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंच कर सादाब को मौके पर ही गिरतार कर लिया उसके पास से एक असलहा 12 बोर व 4 कारतूस व चाकू बरामद कर लिया पुलिस मौके से उसको थाने पर ले जा रही थी रास्ते से वह फरार हो गया पुलिस के द्वारा सघन अभियान चलाया गया जिसमे पुलिस को कामयाबी मिली और सादाब को ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के भट्टे पर देखा गया पुलिस ने जब उसे पकड़ने के लिए आगे बढ़ी तो सादाब ने पुलिस पर फायर कर दिया पुलिस के द्वारा आत्म रक्षा के लिए सादाब के पैर में गोली मारी गई उसके बाद सादाब पकड़ में आया इस सम्बंध में थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी मौके से उसको पकड़ लिया गया था रास्ते से वह फरार हो गया मंगलवार की रात 12 बजे सघन अभियान चलाया गया था उक्त शादाब पुलिस को देखकर भाग पड़ा पुलिस ने जब पकड़ने के लिए दौडी तो उसने फायर कर दिया तब पुलिस द्वारा उसे पकड़ने के लिए उसके पैर पर गोली मारी गई उसके बाद पुलिस के द्वारा सीएचसी तम्बौर में भर्ती कराया गया। डाक्टरों द्वारा उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# पत्रकार हितों की रक्षा व संगठन सशक्तीकरण पर संयुक्तप्रेस क्लब का फोकस

## - पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और एकता के लिए संयुक्तप्रेस क्लब प्रतिबद्ध

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संयुक्त प्रेस क्लब ने संगठन को



और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने का संकल्प लिया है। संगठन के वरिष्ठ महामंत्री सुध ीर मिश्र ने अपनी भावी कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य केवल संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन करना नहीं, बल्कि जिले के प्रत्येक पत्रकार साथी के सम्मान, सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए एक मजबूत व्यवस्था विकसित करना है। सुधीर मिश्र ने कहा कि संयुक्त प्रेस क्लब केवल एक संगठन नहीं, बल्कि पत्रकारों का एक सशक्त परिवार है, जहां सभी सदस्यों के हितों और अधिकारों को सर्वोपरि रखा जाता है। उन्होंने संगठन में अटूट एकता स्थापित करने, पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करने और पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों को मजबूत बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सहयोग से कार्य किया जाएगा, ताकि प्रत्येक पत्रकार स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर सके। कार्ययोजना के प्रमुख बिंदु संवाद और समन्वय संगठन के अध्यक्ष, पदाधिकारियों और सदस्यों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करते हुए सभी निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। साथ ही आम सदस्यों और नेतृत्व के बीच संवाद का मजबूत माध्यम तैयार किया जाएगा। किसी भी पत्रकार के साथ उत्पीड़न, अन्याय अथवा झूठे मुकदमों की स्थिति में संगठन तत्काल कानूनी एवं सामाजिक स्तर पर सहायता प्रदान करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। योग्य एवं सक्रिय पत्रकारों को संगठन से जोड़ने के साथ–साथ संगठन की गरिमा, अनुशासन और पेशेवर मूल्यों को मजबूत किया जाएगा। संगठन की बैठकों, सदस्यता अभिलेखों और महत्वपूर्ण दस्तावेजों का व्यवस्थित एवं पारदर्शी रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा। पत्रकारों की दक्षता और ज्ञानवर्धन के लिए समय–समय पर कार्यशालाओं, प्रेस वार्ताओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पारिवारिक मिलन समारोहों का आयोजन किया जाएगा। महामंत्री सुधीर मिश्र ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सदस्यों की एकता, सहयोग और आपसी विश्वास में निहित है। इसी भावना के साथ संयुक्त प्रेस क्लब पत्रकारों के हितों की रक्षा करते हुए संगठन को नई पहचान और नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

# सुरक्षा गार्ड भर्ती व प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद, उदयपुर एवं एसआईएस (इंडिया) लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न विकास खंडों में सुरक्षा गार्ड भर्ती एवं प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि कमांडेंट, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, उदयपुर के अनुरोध पर जनपद के विभिन्न विकास खंड मुख्यालयों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में चयनित अभ्यर्थियों का पंजीकरण कर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण उपरांत उन्हें स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 08 एवं 09 जून को विकास खंड जसवंतनगर, 10 एवं 11 जून को बसरेहर, 12 एवं 15 जून को महेवा, 16 एवं 17 जून को बढ़पुरा, 18 एवं 19 जून को चकरनगर, 20 एवं 22 जून को सैफई, 23 एवं 24 जून को भरथना तथा 25 एवं 27 जून को ताखा विकास खंड में शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी विकास खंड अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों से शिविरों के व्यापक प्रचार–प्रसार तथा अधिक से अधिक युवाओं को इसकी जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, जिससे इच्छुक अभ्यर्थी इस अवसर का लाभ उठाकर रोजगार प्राप्त कर सकें। जनपद के युवाओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने नजदीकी विकास खंड मुख्यालय पहुंचकर भर्ती एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया में भाग लें और रोजगार के अवसर का लाभ उठाएं।

# आदर्श नगर पंचायत के नवांगत ईओ ने ग्रहण किया कार्यभार

न्यूज वाणी ब्यूरो



तम्बौर, सीतापुर। आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद के नवांगत अधिशासी अधि ाकारी सुभाष चन्द्र सिंह ने तंबौर नगर पंचायत पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य व चेयरमैन पुत्र दानिस खान ने नवागत अधिशासी अधिकारी का पुष्प माला पहनाकर नवीन दायित्व हेतु स्वागत किया इस अवसर पर चेयरमैन तैय्बुन निशा व उनके पति पूर्व चेयरमैन इस्तियाक खान ने भी औपचारिक भेंट की। अधिशासी अधिकारी सुभाष चन्द्र ने कस्बे वासियों को नगर पंचायत में नगर के विकास की रुप रेखा पर कार्य करने के लिए आश्वस्त किया।

# परिवहन विभाग को मिली नई मजबूती

## - दो अनुभवी अधिकारियों के आगमन से बढ़ेंगी कार्यक्षमता और पारदर्शिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के परिवहन विभाग में हुए प्रशासनिक बदलाव के तहत दो अनुभवी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। विभागीय अधि ाकारियों का मानना है कि इन नई नियुक्तियों से कार्यालयी कार्यप्रणाली में तेजी आएगी तथा आमजन को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। फिरोजाबाद से स्थानांतरित होकर आए रीजनल इंस्पेक्टर (आरआई) अखिलेश यादव ने मंगलवार को इटावा में अपना पदभार संभाल लिया। उनके अनुभव का लाभ विभागीय निरीक्षण, वाहनों की फिटनेस जांच, सड़क सुरक्षा अभियान तथा प्रवर्तन संबंधी कार्यों में मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार उनके नेतृत्व में निरीक्षण व्यवस्था और अधिक प्रभावी तथा व्यवस्थित होगी। वहीं मथुरा से स्थानांतरित होकर आए वरिष्ठ लिपिक अमित शुक्ला ने भी अपनी नई जिम्मेदारी संभाल ली है। उनके कार्यालय पहुंचने पर विभागीय कर्मचारियों ने स्वागत करते हुए नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रशासनिक कार्यों के संचालन में उनकी दक्षता से कार्यालयी प्रक्रियाओं में और अधिक समन्वय तथा कार्यकुशलता आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दोनों अनुभवी कर्मियों के कार्यभार ग्रहण करने से कार्यालय के दैनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गति बढ़ेगी। साथ



ही लाइसेंस, पंजीकरण, फिटनेस एवं अन्य परिवहन सेवाओं के लिए आने वाले नागरिकों को बेहतर और समयबद्ध सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। हाल के प्रशासनिक स्थानांतरणों के क्रम में इन नियुक्तियों को परिवहन विभाग के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विभाग को उम्मीद है कि नई टीम के सहयोग से कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी बनेगी तथा जनहित से जुड़े कार्यों में सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

# व्यापारी संवाद कार्यक्रम का छह को

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों एवं कारोबारियों की समस्याओं के समाधान तथा राजस्व वृद्धि के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त राज्य कर, खण्ड–2 अवनीश कुमार चौधरी ने बताया कि आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सुनना, उनके सुझाव प्राप्त करना तथा कर संबंधी प्रक्रियाओं को और अधि ाक सरल एवं प्रभावी बनाना है। यह कार्यक्रम 06 जून शनिवार को अपराह्न 3 बजे इन्द्रप्रस्थ होटल, पुरानी तहसील के पास, ब्रह्मस्थान में आयोजित होगा। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा व्यापारियों एवं उद्यमियों की विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। राज्य कर विभाग ने जनपद के सभी व्यापारियों, उद्योगपतियों एवं कारोबारी संगठनों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है, जिससे उनकी समस्याओं का प्रभावी निराकरण किया जा सके तथा विभाग और व्यापारिक समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।

# बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने राजा का बाग विद्युत उपकेंद्र का किया घेराव

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र के ग्राम सराय भूपत (कटेखेड़ा) में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश बुधवार को खुलकर सामने आ गया। नाराज ग्रामीणों एवं विद्युत उपभोक्ताओं ने राजा का बाग विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर घेराव किया और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नाराजगी व्यक्त की। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले लगभग 15 दिनों से गांव में पर्याप्त बिजली आपूर्ति




नहीं हो रही है। स्थिति यह है कि प्रतिदिन केवल 5 से 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, जबकि रात के समय अधिकांश समय बिजली गुल रहती है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली संकट से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है। लोगों का कहना है कि रातभर गर्मी के कारण नींद नहीं आ रही है और छोटे बच्चों, बुजुर्गों तथा महिलाओं को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित रहने से पेयजल संकट भी गहराने लगा है। मोटरें न चल पाने के कारण लोगों को पानी की व्यवस्था करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप है कि ट्रांसफार्मर पर एमसीवी लगाए जाने के बाद से बिजली व्यवस्था और अधिक खराब हो गई है। आए दिन ट्रिपिंग तथा लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे घरेलू उपकरण भी प्रभावित हो रहे हैं। सूचना मिलने पर उपकेंद्र के सुपरवाइजर ललित पाल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि समस्या की जांच के लिए लाइनमैनों को भेजा गया है तथा संभवतः अधिक लोड के कारण यह दिक्कत उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी। हालांकि ग्रामीण विभागीय आश्वासनों से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो क्षेत्र के लोग सड़क जाम एवं धरना–प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। वहीं विद्युत विभाग के एसडीओ आनंद पाल सिंह ने ग्रामीणों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित बिजली आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को संदेह है तो वह विभागीय कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों एवं आपूर्ति विवरण की जांच कर सकता है।

# केन आरती में बालू खनन व पेड़ो की कटाई पर रोक लगाने की उठी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला मीडिया प्रभारी मितेश कुमार ने बताया कि केन जल महाआरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने वातावरण में हुए बदलाव, भीषण गर्मी, पानी की उपलब्धता, नदी में बालू खनन, पेड़ों की कटाई एवं नदियों की स्थिति सहित कई प्रमुख बिंदुओं को लेकर गहरी चिंता जताई। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के जिला संयोजक महेश कुमार प्रजापति ने कहा कि आज जो वातावरण बदल रहा है उसका प्रमुख कारण नदी में अत्यधिक खनन, पेड़ो की कटाई नदियों का कम होता जलस्तर है जिससे प्र. ति प्रभावित हुई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनपद ने केवल बुंदेलखंड ही नहीं बल्कि पूरे भारत में एवं विश्व में अत्यधिक तापमान



होने वाले जिले के रूप में देखा गया है, बांदा जनपद में सबसे गर्म तापमान का असर यहाँ के निवासी लोगों को झेलना पड़ रहा है और बदलता हुआ वातावरण यह संकेत कर रहा है कि अगर अभी भी सचेतता नहीं बरती गई तो भविष्य में जल की उपलब्धता, वातावरण शुद्धता में कमी और अनेको तरह की समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। मौके पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में सरकार से यह मांग की है कि इन सबके .ष्टिगत उचित कदम उठाना आवश्यक है इसलिए कम से कम 10 वर्षों के लिए नदियों में बालू खनन और पेड़ों की कटाई पर पूर्ण तरह से रोक लगाई जाए साथ ही सरकार द्वारा जो पौधे लगाने का लक्ष्य प्रशासन को दिया गया है उसके अनुसार ज्यादा से ज्यादा पौधों का रोपण किया जाना चाहिए लेकिन यह कार्य केवल कागजों में पूर्ण न होकर जमीनी स्तर पर पूर्ण किया जाए क्योंकि कागजों में कार्य को शाकुशल दर्शा दिया जाता है लेकिन धरातल पर वास्तविकता कुछ और ही रहती है। अतः सरकार इस मांग को आमजनमानस के कल्याण हेतु स्वीकार करे और उचित कार्यवाही की जाए, हम सब सरकार से यही अपेक्षा रखते हैं कि सरकार यह आवश्यक कदम बहुत जल्द उठाएगी। इस दौरान कार्यक्रम में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया हिमांशु गुप्ता व्यापारी ओम प्रकाश जड़िया सुमित कुमार सोनी .ष्ण कुमार वर्मा देवी दिन प्रजापति सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग शामिल रहे।

# ठगी पीड़ितो के खाते में कुल 1.17 लाख रुपए कराये वापस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से साइबर धोखाधड़ी का शिकार होने वाले दो पीड़ितों के खाते में कुल 1.17 लाख रुपये वापस कराये गये। गौरतलब हो कि विभिन्न मामलों में साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्तियों के राशियों को वापस कराये जाने हेतु पुलिस अध



ीक्षक पलाश बंसल द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम को निर्देशित किया गया था। जिसके सम्बन्ध मे थाना तिंदवारी क्षेत्र के रहने वाले सुनील कुमार पुत्र चुनकी द्वारा बताया गया कि उनकी पत्नी के प्रसव से जुड़े कार्य के दौरान साइबर ठगों द्वारा आशा बहु बनकर झांसा देकर 56,991 रूपये की ठगी कर ली गई है। थाना पैलानी क्षेत्र की रहने वाली सोनाली सिंह के साथ साइबर अपराधियों द्वारा यूपीआई के माध्यम से 60,000 हजार रुपए दूसरे बैंक एकाउंट में ट्रांसफर करने की ठगी के सम्बन्ध में शिकायत प्राप्त हुई थी। दोनों मामलों में साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा तत्परता से कार्य करते हुए सभी के पीड़ितों की कुल 1,16,991 रुपए की धनराशि बरामद कर वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर दोनों पीड़ितो ने पुलिस टीम के प्रयासो की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। पुलिस टीम में राममोहन राय प्र0नि0 साइबर क्राइम पुलिस थाना, उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह, का0 धर्मेन्द्र कुमार, का0 हिमांशु वर्मा, का0 ललित कुमार, म0का0 ज्योति उपाध्याय शामिल रहीं।

# विश्व साइकिल दिवस पर हुआ सम्मान समारोह

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर शिव–शिवा स्नेह संस्था द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वर्षों से नियमित रूप से साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले अमितेश सिंह एवं भरत यादव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर वरिष्ठ फिजीशियन राजेश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में साइकिल के बढ़ते महत्व, ईंधन बचत, स्वास्थ्य लाभ और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से चर्चा हुई। सम्मानित साइकिल सवार अमितेश सिंह, जो पिछले 7 वर्षों से लगातार साइकिल चला रहे हैं, ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ वर्षों से वे सुबह–शाम कही भी आने–जाने के लिए साइकिल का ही उपयोग कर रहे हैं। अमितेश ने बताया कि साइकिल न केवल आर्थिक रूप से बचत करती है, बल्कि एक्सपर्ट के अनुसार डायबिटीज और अन्य लाइफस्टाइल जनित बीमारियों को दूर रखने में रामबाण साबित हुई है। उन्होंने बताया कि उन्होंने पिछले एक साल में 10 दिन भी मोटरसाइकिल का इस्तेमाल नहीं किया है।वह स्थानीय यातायात के लिए पूरी तरह से साइकिल पर ही आश्रित रहते हैं। वक्त के तौर पर संजय राय ने साइकिल के महत्व को आर्थिक सामाजिक और पर्यावरण हितैषी पक्ष को बताते हुए दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग के महत्व को रेखांकित किया। वहीं शिक्षक बद्रीश श्रीवास्तव ने साइकिल के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और बताया कि किस तरीके से साइकिल का जर्मनी में अविष्कार होने के बाद विविध रूपों में दुनिया के अनेक हिस्सों में जनमानस के जीवन से जुड़ी हुई है। इंजीनियर संजीव गुप्ता ने साइकिल चलाने के प्रचार प्रसार के लिए सेहत के महत्व को लोगों तक ज्यादा से ज्यादा पहुंचने की बात कही। उन्होंने संगठन को सुझाव दिया कि डॉक्टरों की मदद से ऐसा करना संभव होगा। मुख्य अतिथि डॉक्टर राजेश सिंह ने बताया कि वह स्वयं अपने मरीजों को नियमित साइकिल चलाने की सलाह देते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन शैली से जुड़ी तमाम बीमारियों में साइकिल एक कारगर उपचार साबित हो सकती है। यह मोटापा आदि में भी कम करने में भी मददगार है। समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने घोषणा की कि अगले साल संस्था साइकिलिंग को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ी प्रतियोगिता आयोजित करेगी।साथ ही, शहर में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए




आयोजक शिव शिवा स्नेह संस्था के उमेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री देश में कॉस्ट कटिंग और ईंधन बचाने पर जोर दे रहे हैं, तो वहीं हमें इसे जमीनी स्तर पर लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइकिल का उपयोग करके हम कार्बन उत्सर्जन को कम करने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अमितेश सिंह और भरत यादव जैसे लोग एक समर्पित श्साइकिलिंग क्लबश बनाने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है, ताकि साइकिलिंग को एक सुरक्षित और नियमित गतिविधि बनाया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव शिवा स्नेह संस्था के उपाध्यक्ष उमेश कुमार श्रीवास्तव ने किया संचालन संतोष जायसवाल ने किया। शीर्षदीप, सुरजीत कुमार, पारस और मुरारी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर तमंचा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

## – जन्मदिन पर केक काटने के बाद डाली थी फोटो

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने फेसबुक पर अवैध तमंचा लहराते हुए फोटो पोस्ट करने वाले एक युवक को गिरतार कर जेल भेज दिया है। मामला श्रीनगर थाना क्षेत्र के भैरोगंज मोहल्ले का है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर एक फोटो तेजी से वायरल हो रही थी। यह फोटो सम्राट आशीष



सिंह कुशवाहा नाम की फेसबुक प्रोफाइल से शेयर की गई थी। तस्वीर में साफ दिख रहा था कि एक युवक ने बाइक की सीट पर जन्मदिन का केक रखा हुआ है और हाथ में अवैध तमंचा लेकर कानून की धज्जियां उड़ा रहा है। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के नेतृत्व में श्रीनगर थाना प्रभारी जयचन्द्र सिंह की टीम ने तुरंत जाल बिछाया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को अवैध हथियार के साथ धर दबोचा। दबोचे गए आरोपी का नाम आशीष कुशवाहा पुत्र नन्दराम, निवासी मुहल्ला भैरवगंज, कस्बा व थाना श्रीनगर है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध असलहा बरामद कर लिया है। इस मामले में थाना श्रीनगर में मुकदमा अपराध संख्या 89/2026 और धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आम जनता और युवाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का अवैध हथियार प्रदर्शन, स्टंट या कानून विरोधी गतिविधियों का प्रचार न करें। यह न सिर्फ एक गंभीर अपराध है, बल्कि समाज में गलत संदेश भी फैलाता है। ऐसा करने वालों के खिलाफ पुलिस आगे भी इसी तरह की सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रखेगी।

# जनगणना कार्य को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित, टोल फ्री नंबर जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जनगणना के कार्य को लेकर अफसरों की मुहिम लगातार जारी है। नगर पालिका में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसकी निगरानी अधिशासी अधिकारी खुद कर रहें हैं। जिलाधिकारी अमित आसेरी के निर्देशन में जनगणना कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। अधिशासी अधिकारी श्रीचंद्र चौधरी खुद अभियान की निगरानी कर रहे हैं और जनगणना कार्य में लगे सुपरवाइजरों को लगातार



आवश्यक दिशा–निर्देश दिए जा रहे हैं। जनगणना कार्य की प्रगति पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नागरिकों की सुविधा तथा कार्य की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम का नंबर 8756872644 जारी किया गया है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जनगणना कार्य को शीघ्र पूरा करने के उद्देश्य से सुपरवाइजरों से प्रत्येक दो घंटे में प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जा रही है और कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कुल 258 एचएलवी में से अभी 135 एचएलवी का कार्य शेष है। शेष कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा कराने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही संबंधित कर्मचारियों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि जिलाधिकारी अमित आसेरी के निर्देशानुसार जनगणना कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। बता दे कि जनगणना कार्य को लेकर जनपद प्रदेश में नम्बर वन रहा है। एडीएम कुमार धर्मेंद्र ने बताया कि समय से जनगणना के कार्य पूरे कराये जाने को लेकर सुपरवाइजरो को निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही उनके कार्यो की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

# मोहर्रम व विभिन्न परीक्षाओं के .ष्टिगत धारा 163 लागू

## – अव्यवस्था फैलाने वालों के विरुद्ध की जाएगी कठोर कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो/मऊ। जनपद में आगामी मोहर्रम पर्व तथा विभिन्न प्रतियोगी एवं भर्ती परीक्षाओं के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट आनंद वर्द्धन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संपूर्ण जनपद में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह आदेश 02 जून से 31 जुलाई की रात्रि 11 बजे तक प्रभावी रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि मोहर्रम पर्व के दौरान ताजिया जुलूस, धार्मिक आयोजन एवं विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रमों के साथ–साथ आगामी दिनों में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं को देखते हुए कुछ असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने, सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा जनजीवन को प्रभावित करने का प्रयास किया जा सकता है। ऐसी परिस्थितियों में लोक शांति, कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि आदेश की अवधि में किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना सक्षम अनुमति के सार्वजनिक स्थानों पर हथियार, घातक वस्तुएं अथवा ऐसे उपकरण लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार की भड़काऊ गतिविधि, अफवाह फैलाना, धार्मिक या सामाजिक भावनाओं को आहत करने वाले संदेशों का प्रचार–प्रसार, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक अथवा भ्रामक सामग्री साझा करना तथा कानून–व्यवस्था को प्रभावित करने वाले .त्य पूर्णतः वर्जित रहेंगे। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति धरना–प्रदर्शन, रैली, जुलूस, सभा अथवा अन्य सामूहिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग भी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। परीक्षा केंद्रों एवं संवेदनशील स्थलों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने समस्त नागरिकों, धार्मिक संगठनों, सामाजिक संस्थाओं एवं जनपदवासियों से अपील की है कि वे शांति, सौहार्द एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि अथवा कानून–व्यवस्था से संबंधित सूचना प्राप्त हो तो तत्काल स्थानीय प्रशासन अथवा पुलिस को अवगत कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निषेधाज्ञा के आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जनपद प्रशासन द्वारा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं तथा कानून–व्यवस्था की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादियों की समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय में आयोजित नियमित जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से वरिष्ठ



पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। उन्होंने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से वार्ता कर शिकायतों के शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान फरियादियों को आश्वस्त किया गया कि उनकी शिकायतों का न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। साथ ही संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण की प्रभावी समीक्षा करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से नियमित जनसुनवाई आयोजित कर नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करने के साथ–साथ शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# भाजपा शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने जताया कड़ा विरोध, बिना शर्त माफी की उठाई मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/लखनऊ। पत्रकार अंजना ओम कश्यप द्वारा ऑनलाइन शिक्षा देने वाले शिक्षकों पर की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा शिक्षक एमएलसी एवं प्रत्याशी उमेश



द्विवेदी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि शिक्षक समाज का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उमेश द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ हैं और देश के विकास व राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि गुरुजनों का सम्मान भारतीय संस्कृति की परंपरा रही है और शिक्षकों के प्रति इस प्रकार की अभद्र टिप्पणी बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने अंजना ओम कश्यप से बिना शर्त शिक्षक समाज से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षक समुदाय अपने सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगा। उमेश द्विवेदी ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से लाखों विद्यार्थियों तक ज्ञान पहुंचाने वाले शिक्षकों ने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। ऐसे में उनके योगदान को कमतर आंकना या उनका अपमान करना उचित नहीं है।

# दबंग ने सत्तर सालों से रह रहे परिवार को किया बेघर

## - पीड़ित ने डीएम से लगाई गुहार, मुतवल्ली पर वक्फ की आय के दुरुपयोग का लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वक्फ की ज़मीन पर मुतवल्ली पर नया निर्माण कराकर सौंपने का झूठा आश्वासन देकर मकान खाली कराने का पीढ़ियों से रह रहे परिवार ने आरोप लगाते हुए एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई है। शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र के कजियाना मोहल्ले में रहने वाले मो. शरीफ ने अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अपने परिवार के साथ पूर्वजों के समय से लगभग सत्तर वर्षों से वक्फ नम्बर 16 में बने हुए मकान में रह रहे थे। प्रबंधन कमेटी को किराया अदा कर रहे थे। 23 जुलाई 2024 को अनवर अहमद पुत्र अब्दुल वहीद के द्वारा खुद को मस्जिद का मुतवल्ली बताकर मकान खाली करने के लिए गाली गलौच की गयी। बाद में समझौते के बाद साढ़े सात बाई नौ फिट की तीन दुकानों को देने की बात कही गयी थी। बदले में उससे दस लाख रुपये भी लिए गये जिसे बाद में दुकानों के किराए में काटने की भी बात शामिल थी। बताया कि जबरन दबंगई के बल पर उनसे मकान खाली कराया गया। जिससे परिवार के सामने रहने की समस्या है। निर्माण के बाद खुद को मुतवल्ली बताने वाले अनवार द्वारा पीड़ित परिवार को



रहने के लिए जगह व दुकानें नहीं दी गयी। वही उसका दस लाख रुपया भी हड़प लिया गया। पीड़ित ने जिलाधिकारी से दोषियों पर करवाई किये जाने व न्याय की गुहार लगाई है।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, सामान राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के प्रेमनगर कस्बे में मंगलवार की देर रात शॉर्ट सर्किट से मोबाइल की दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर कस्बा निवासी संजय अग्रहरि की भादर रोड स्थित मोबाइल की दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। दुकानदार के मुताबिक आग लगने से दुकान में रखे करीब आठ लाख रुपये कीमत के मोबाइल फोन, एक्सेसरीज़ व अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना से व्यापारी को भारी आर्थिक क्षति हुई है।



# भूमिधरी जमीन पर सड़क निर्माण को रोके जाने की मांग

## – पीड़ित ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के मौजा रारी द्वितीय में स्थित भूमिधरी जमीन पर जबरन सड़क निर्माण को रोके जाने की मांग को लेकर पीड़ित ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। रारी गांव निवासी जगन्नाथ सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने बताया कि भूमिधरी गाटा सं0 3267/0.4130 हे0 के 1/3 भाग का सह खातेदार मालिक है। ग्राम प्रधान तीरथ सिंह आदि ने मिलकर बगैर सरकारी बटवारा उसकी भूमिधरी जमीन पर जबरन अवैध सड़क निर्माण करा रहे हैं। रोकने के लिए न्यायालय उप जिलाधिकारी खागा के समक्ष बटवारा वाद योजित किया गया। जिसमें न्यायालय ने अग्रिम आदेश तक सड़क निर्माण रोकने के इरादे से यथास्थिति बनाए रखने का स्टे आर्डर 22 मई को पारित किया। इसके बावजूद सड़क निर्माण करवाया जा रहा है। पीड़ित जगन्नाथने बताया कि 22 मई को सीओ खागा व किशनपुर थानाध्यक्ष को स्टे आर्डर की कापी व प्रार्थना पत्र दिया। 24 मई को थानाध्यक्ष ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर बात की और गाटा सं0 3267 में जितनी रोड का हिस्सा है उसको न बनवाने के लिए कहा। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी ठेकेदार नारायण सिंह व तीरथ सिंह पुत्र भोला सिंह कछवाह अभी भी रोड पर चोरी छिपे कार्य करा रहे हैं। पीड़ित ने गुहार लगाई कि जबरन किए जा रहे अवैध सड़क निर्माण को तत्काल रोका जाए।




## प्रयागराज-श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी संख्या 04113/04114 प्रयागराज-श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या - 04113 | | | गाड़ी संख्या - 04114 | |
|---|---|---|---|---|
| प्रयागराज - श्री सि. स्वामीजी हुब्बल्लि | | | श्री सि. स्वामीजी हुब्बल्लि - प्रयागराज | |
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 05:05 | प्रयागराज | 22:40 | ..... |
| 06:28 | 06:30 | फतेहपुर | 20:00 | 20:02 |
| 08:20 | 08:25 | गोविन्दपुरी | 18:50 | 18:55 |
| 10:43 | 10:45 | इटावा | 16:20 | 16:22 |
| 11:30 | 11:35 | भिण्ड | 15:20 | 15:25 |
| 12:05 | 12:07 | सोनी | 14:40 | 14:42 |
| 14:50 | 15:00 | ग्वालियर | 13:20 | 13:25 |
| 16:30 | 16:32 | शिवपुरी | 10:18 | 10:20 |
| 15:10 | ..... | श्री सि. स्वामीजी हुब्बल्लि | ..... | 09:00 |

अन्य ठहराव : गुना, बीना, भोपाल, नागपूर, बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, काजीपेट, काचीगुडा, महबूबनगर, कर्नूलु सिटि, अनंतपूर, धर्मवरम, हिंदूपुर, यलहंका, तुमकूर, अरसीकेरे, दावणगेरे एवं हावेरि स्टेशनों पर भी रूकेगी।

● प्रयागराज से गाड़ी संख्या 04113, प्रत्येक शनिवार, दिनांक : 06.06.2026 से 11.07.2026 ● श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि से गाड़ी संख्या 04114, प्रत्येक मंगलवार, दिनांक : 09.06.2026 से 14.07.2026

गाड़ी संरचना : सामान्य श्रेणी – 08, स्लीपर श्रेणी – 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी – 03

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1248/26 (AS)







# भूमि विवादों के निस्तारण में राजस्व-पुलिस समन्वय पर जोर

## - बैठक कर डीएम-एसपी ने दिए कड़े निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सु.ढ़ बनाने तथा भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस क्षेत्राधिकारियों और उपजिलाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आपसी संवाद, बेहतर समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग भूमि विवादों से जुड़े मामलों में संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का नया अवैध निर्माण न होने पाए तथा सक्षम न्यायालय के आदेश के बिना किसी विवादित भूमि पर कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई न की जाए। जिलाधिकारी ने थानों में दर्ज भूमि विवाद रजिस्टर के मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जनशिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके साथ ही थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि एक वर्ष से अधिक समय से थानों में जमा लाइसेंसी शस्त्रों के संबंध में संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी कर शस्त्र वापस लेने के लिए सूचित किया जाए। निर्धारित अवधि में शस्त्र न लेने की स्थिति में लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई के लिए प्रकरण अग्रसारित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने अधिकारियों को जनपद में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील मामलों पर सतर्क निगरानी रखने तथा शिकायतों के त्वरित निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार खागा, बिंदकी एवं सदर सहित जनपद के समस्त थाना प्रभारी और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# नगर पंचायत का बड़ा कदम, दो वार्ड होंगे बालश्रम मुक्त

## - सर्वसम्मति से पारित हुआ प्रस्ताव, अभियान को गति मिलने की उम्मीद

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। मुख्यमंत्री के वर्ष 2026 तक उत्तर प्रदेश को बालश्रम मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर पंचायत खागा ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। बोर्ड की बैठक में दो वार्डों को बालश्रम मुक्त घोषित करने की दिशा में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। इस निर्णय के साथ ही नगर क्षेत्र में बालश्रम उन्मूलन अभियान को नई गति मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह एवं अधिशासी अधिकारी देवहुति पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बालश्रम उन्मूलन, बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा जनजागरूकता बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सभासदों, श्रम विभाग के अधिकारियों एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि चयनित वार्ड नं. एक अम्बेडकर नगर व वार्ड नं0 5 विवेकानंद नगर में बाल श्रमिकों की पहचान, उनके विद्यालयीकरण, अभिभावकों को जागरूक करने तथा पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही वार्ड स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को बालश्रम के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया जाएगा। एवीए के प्रतिनिधि अमन तिवारी ने बैठक का समन्वय करते हुए अभियान की वर्तमान प्रगति और आगामी कार्य योजना की जानकारी दी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अपील की कि वे बालश्रम मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह और अधिशासी अधिकारी देवहुति पाण्डेय ने कहा कि बालश्रम एक सामाजिक बुराई है, जिसे समाप्त करने के लिए सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समन्वित प्रयासों के माध्यम से अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नगर पंचायत खागा को चरणबद्ध तरीके से पूर्णतः बालश्रम मुक्त बनाने का संकल्प लिया। नगर पंचायत के इस फैसले को बाल अधिकारों की रक्षा और बच्चों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।



# राजा भैया ने एशियन गेम्स में जीता गोल्ड, बढ़ाया देश का मान

## - ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन ने अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कस्बे के होनहार खिलाड़ी राजा भैया ने एशियन गेम्स की पावर लिटिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का नाम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सूचना मिलते ही पूरे जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई। राजा भैया के निजी आवास पर समर्थकों, खेल प्रेमियों एवं शुभचिंतकों ने पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया तथा उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन संस्था परिवार के पदाधिकारियों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। राजा भैया ने अपनी सफलता के पीछे वर्षों के कठिन संघर्ष, अनुशासन और निरंतर अभ्यास को बताया। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता–पिता एवं अपने कोच धर्मेंद्र को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और समर्थन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि यदि वे पूरी लगन, मेहनत और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें तो कोई भी मंजिल दूर नहीं है। इस सम्मान समारोह में ग्रामीण युवा क्रिकेट यूनियन के महानिदेशक एबी बाबू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी.के., जिलाध्यक्ष अमित मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष राहिल एवं डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। राजा भैया की यह उपलब्धि न केवल जिले बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और देश के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। उनकी सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि . ढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता का परचम लहराया जा सकता है।

# युवा साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए आयुष गुप्ता

## - प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज में आयोजित सम्मान समारोह में मिला सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आयुष गुप्ता युवा साहित्य रत्न पुरस्कार से हुये सम्मानित, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ की ओर से प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज में आयोजित सम्मान समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश द्वारा सम्मान किया गया। भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुये सम्मान किया। ग्राम शाह निवासी ललित कुमार गुप्ता के बेटे आयुष गुप्ता ने युवा साहित्य रत्न पुरस्कार प्राप्त कर परिवार एवं जनपद का गौरव बढ़ाया। महासमिति के पदाधिकारियों ने आयुष के घर जाकर माला पटका एवं प्रशस्ति पत्र देते हुये मुह मीठा कराया तथा समाज एवं जनपद का गौरव बढाने पर बधाई दी। महासमिति के जिलाध्यक्ष नारायण बाबू गुप्ता ने कहा कि आयुष ने इंटरमीडिएट की पढाई सरस्वती विद्या मंदिर वीआईपी रोड से पूरी करने के उपरांत इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक एवं परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की। इसके साथ साथ वर्तमान में यूपीएससी की तैयारी प्रयागराज में रहकर कर रहे है। उनकी इस उपलब्धि पर जनपद एवं समाज गौरवांवित हुआ है। महासमिति के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा कविता लेखन प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर की आयोजित की गई थी जिसमें पूरे देश से 11 हजार बच्चों ने सहभागिता निभाई थी जिसमें आयुष को स्त्री विमर्श पर लेख लिखना था जो कि आनलाइन परीक्षा हुई थी। उस कविता लेखन पर आयुष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज में आयोजित सम्मान समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मान किया गया। इस मौके पर संजय गुप्ता, सुशील गुप्ता फौजी, लक्ष्मी गुप्ता, आनंद गुप्ता, सुधीर गुप्ता, साजन गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।



# हथगाम थाने में एसपी ने की जनसुनवाई

## – फरियादियों को दिलाया त्वरित न्याय का भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को थाना हथगांव में जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक एवं अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिन पर पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से संज्ञान लिया। एसपी ने एक–एक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की गहन जांच कर तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाए। साथ ही फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार बनाए रखने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास को मजबूत करने के लिए शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आवश्यक है। एसपी की मौजूदगी में आयोजित जनसुनवाई से फरियादियों को अपनी समस्याएं सीधे जिले के पुलिस कप्तान के समक्ष रखने का अवसर मिला। इससे लोगों में न्याय मिलने की उम्मीद और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। इस दौरान हथगाम थाने के अधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।



# सीएम योगी के जन्मदिन पर सजेगी भजन-आरती की महफिल

## – बांके बिहारी मंदिर में होगा आयोजन, पूर्व विधायक विक्रम सिंह होंगे मुख्य अतिथि

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षा पीठाधीश्वर गोरखपुर योगी आदित्यनाथ महाराज के 55 वें जन्मदिन के पावन अवसर पर जनपद में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। विश्व हिंदू महासंघ के तत्वावधान में आगामी पांच जून को सांय पांच बजे से शांतीनगर स्थित सिद्धपीठ श्री बांके बिहारी मंदिर में भव्य भजन, आरती, प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन को बेहद गरिमामयी और उत्सव के रूप में मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। धार्मिक अनुष्ठान में सदर विधानसभा के पूर्व विधायक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के दौरान भगवान बांके बिहारी के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा होगी, जिसके बाद महाआरती का आयोजन कर मुख्यमंत्री की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की जाएगी। इसके उपरांत उपस्थित भक्तों और आमजन के बीच बड़े स्तर पर प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजक मंडल ने जनपद के सभी सम्मानित स्वजनों, संतों, प्रबुद्ध नागरिकों और संगठन के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर सिद्धपीठ श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर इस पावन भजन एवं आरती कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं और आयोजन को सफल बनाएं।






# नाबालिग अपहरण कांड का आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना पुलिस ने नाबालिग अपहरण के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।

बुधवार को थाना हथगाम पुलिस ने मु0अ0सं0 35/2026, धारा 87/137(2) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त सूरज लोधी पुत्र जगदीश निवासी ग्राम छिवलहा थाना हथगाम को गिरतार कर लिया। पुलिस ने उसे विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार मामले से संबंधित नाबालिग किशोरी को पहले ही 29 मार्च को सकुशल बरामद कर लिया गया था। आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी, जिसे अब गिरतार कर लिया गया है। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उत्कर्ष मिश्रा, कांस्टेबल रवि कुमार तथा कांस्टेबल रविप्रकाश यादव शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

# सड़क हादसे में मां बेटी समेत तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रो के अर्न्तगत हुये सड़क हादसो के दौरान मां बेटी समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नन्दपुर स्कुरी गांव निवासी शैलेन्द्र कुमार गौतम अपनी 25 वर्षीय पत्नी खुशबू देवी ढाई वर्षीय पुत्री सानवी गौतम को बाइक में बैठाकर शहर आ रहा था। जैसे ही यह लोग सदर कोतवाली क्षेत्र के सुल्तान नगर के समीप पहुंचे तभी खुशबू का दुपट्टा पहिया में फंस जाने से मासूम बच्ची सहित रोड़ पर जा गिरी जिससे मां बेटी घायल हो गयी। इसी प्रकार गाजीपुर थाना क्षेत्र बंवारा पेट्रोल पम्प के समीप बुधवार की सुबह बाइकों की भिडन्त में 35 वर्षीय राजेश सिंह पुत्र बद्री विशाल निवासी राम नगर कौहन घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलो को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# बकरी व भेड़ पालन योजनाओं में करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। पशुपालन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्रामीण पशुपालकों, बेरोजगार युवाओं, महिलाओं तथा कमजोर वर्गों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बकरी एवं भेड़ पालन योजनाओं के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वेदव्रत गंगावार ने बताया कि जनपद को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बकरी और भेड़ पालन इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए पात्र अभ्यर्थियों का चयन शासन द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सामान्य बकरी पालन योजना के अंतर्गत जनपद को 14 इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना में भूमिहीन महिला–पुरुष, निराश्रित महिलाएं, कोविड प्रभावित परिवार, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लाभार्थी तथा दिव्यांगजन सहित विभिन्न आरक्षित वर्गों को शामिल करते हुए चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 09 जून निर्धारित की गई है। वहीं भेड़ पालन योजना के अंतर्गत जनपद को पांच इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी नौ जून तक आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया शासनादेश के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा संचालित बकरी पालन योजना (90 प्रतिशत राज्यांश एवं 10 प्रतिशत लाभार्थी अंशदान) के अंतर्गत वर्ष 2026–27 में 17 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना में अनुसूचित जाति वर्ग के महिला एवं पुरुष बेरोजगार पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही ऐसी विधवा एवं निराश्रित महिलाओं को भी वरीयता मिलेगी जिनके पास बकरियों के पालन हेतु पर्याप्त एवं उपयुक्त स्थान उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण केंद्र इटावा तथा केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, फरह (मथुरा) से प्रशिक्षण प्राप्त आवेदकों को चयन प्रक्रिया में विशेष वरीयता प्रदान की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जनपद के इच्छुक पशुपालकों, बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाएं तथा पशुपालन को आय और रोजगार का सशक्त माध्यम बनाएं।

# संस्था के सदस्य ने रक्तदान कर बचाई मरीज की जिंदगी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जब एक जरूरतमंद मरीज की जिंदगी रक्त के अभाव में संकट में थी और परिजन ए पॉजिटिव रक्त की तलाश में दर–दर भटक रहे थे, तब मानवता की मिसाल पेश करते हुए सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के सदस्य मदद के लिए आगे आए। संस्था की तत्परता और युवाओं के स्वैच्छिक रक्तदान से मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध हो सका, जिससे उसकी जान बचाने में मदद मिली। जिले में ए पॉजिटिव रक्त की कमी के चलते मरीज के परिजन काफी परेशान थे। जैसे ही इसकी सूचना सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को मिली, संस्था के सक्रिय सदस्य जिशान शेख और सौरभ मौर्य बिना देर किए मानस रक्त केंद्र पहुंचे और स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्त उपलब्ध होने के बाद मरीज के परिजनों के चेहरे पर राहत लौट आई। उन्होंने संस्था और रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर मिली मदद उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महादान है, जिससे किसी व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर नियमित रक्तदान करने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस दौरान संस्था की ओर से गुरमीत सिंह और आकांक्षा मौजूद रहीं। वहीं मानस रक्त केंद्र की टीम से अमन, अनामिका पाल, अंजलि एवं विष्णु ने भी पूरी प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया। संस्था के इस सराहनीय और मानवीय कार्य की लोगों ने जमकर प्रशंसा की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।



# तहसील व नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल

## - डीएम को दिया ज्ञापन, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की तहसीलों व नगर पालिका परिषद में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार, सुविधा शुल्क वसूली और लंबित फाइलों के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से मुलाकात कर शिकायत पत्र सौंपा और भ्रष्टाचार पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने आरोप लगाया कि तहसीलों में आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों पर रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपालों द्वारा खुलेआम सुविधा शुल्क की मांग की जाती है। इसके अलावा भूमि को कामर्शियल कराने, दाखिल–खारिज और हदबंदी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी मनमानी धन वसूली का खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि पैसे न देने वाले लोगों की फाइलें महीनों तक लटकाई जाती हैं, जिससे आम जनता परेशान और



शोषण का शिकार हो रही है। शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में चार से छह माह तक का समय लग रहा है। कई बार फाइलें गायब हो जाती हैं और लोगों को मजबूर होकर सुविधा शुल्क देकर अपना काम कराना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि असिसमेंट से जुड़ी फाइलों में ग्राम समाज की रिपोर्ट लगाने के नाम पर भी मनमानी वसूली की जा रही है। धन न मिलने पर अधिकारियों द्वारा तहसील से रिपोर्ट न आने का बहाना बनाकर फाइलों को आठ–नौ महीने तक लंबित रखा जा रहा है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध कराने को कहा और जांच के बाद त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। कांग्रेस नेताओं ने भी जल्द ही संबंधित साक्ष्य प्रशासन को सौंपने की बात कही। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि तहसीलों और नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार व जनता की समस्याओं पर शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी सड़कों पर उतरकर व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। प्रतिनिधिमंडल में श्रवण गौड़, शेख एजाज अहमद, आशीष गौड़, मणि प्रकाश दुबे, प्रेम शंकर त्रिवेदी, देवी प्रकाश दुबे, राजू लोधी, पं. रामनरेश महाराज और जेपी पासवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वच्छता सैनिकों के लिए देवदूत बने डॉ. अनुराग

## - हीटवेव से बचाव को चलाया महाअभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भीषण गर्मी और लगातार बढ़ रहे हीटवेव के खतरे के बीच नगर की स्वच्छता व्यवस्था संभाल रहे स्वच्छताग्राहियों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए बुधवार को एक विशेष जागरूकता एवं राहत अभियान चलाया गया। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी, आरोग्य भारती एवं दि होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान तथा डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में आयोजित इस महाअभियान का नेतृत्व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के कार्यकारिणी सदस्य, चेयरमैन एवं आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने किया। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या–12 राधानगर एवं वार्ड संख्या–3 बक्सपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वच्छताग्राहियों को भीषण गर्मी और लू से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छताग्राही हर मौसम में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कर्मवीरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हीटवेव के दौरान विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। घर से बाहर निकलते समय सिर को टोपी या कपड़े से ढंककर रखना चाहिए, पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए तथा खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों और अत्यधिक मसालेदार भोजन से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा सकती है। इस दौरान डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा सभी



स्वच्छताग्राहियों को हीटवेव से बचाव एवं संक्रमण की रोकथाम में सहायक होमियोपैथिक औषधियां, मास्क और ओआरएस के पैकेट वितरित किए गए। राहत सामग्री पाकर स्वच्छताग्राहियों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभासद अरुण यादव एवं पवन कुमार द्विवेदी ने डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को उनके निरंतर जनसेवा, स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों और पुनः रेडक्रॉस चेयरमैन निर्वाचित होने पर माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं स्वच्छताग्राही मौजूद रहे।

# जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी ने भरी हुंकार

## - डीएम को सौंपा ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन, निस्तारण की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राष्ट्रवादी पार्टी ने




जनसमस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में हुंकार भरी और प्रदर्शन करने के पश्चात जिलाधिकारी को संबोधित ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर सभी मांगों का शीघ्र निराकरण किए जाने की आवाज उठाई। जिलाध्यक्ष एवं मण्डल प्रभारी प्रयागराज रामकिशोर सिंह की अगवुई में पहुंचे पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात डीएम को ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कहा गया कि ग्राम सभा अयाह बाजार से लेकर दो किलोमीटर तक जर्जर सड़क, ग्राम भगवानपुर से पहाड़पुर तक एक किलोमीटर जर्जर खड़ंजा व नाली, ग्राम कोर्राकनक विकास खण्ड असोथर में जर्जर खड़ंजा व नाली को तत्काल बनवाया जाए। इसके अलावा कोर्राकनक में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डाली गई है जिससे पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। पानी की टंकी अधूरी बनी है जिसका कार्य तत्काल पूरा कराया जाए। ग्राम मैनाही का डेरा मजरे कोर्रानक में जल जीवन मिशन की समस्या व आरसीसी रोड तोड़कर डाली गई पाइप लाइन से बेहद समस्या है। जल्द ही रोड को बनवाया जाए। पदाधिकारियों ने ग्राम भोलिया का डेरा, ग्राम चन्द्रगण लखनहा, ग्राम सभा दसौली का पुरवा, ग्राम सभा सेमरई, ग्राम बनकटा, ग्राम उसरैना की भी समस्याएं उठाई। इसके अलावा शहर क्षेत्र के नासेपीर में हो रही बिजली कटौती की समस्या को भी उठाया। इस समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर जय प्रकाश सिंह, शिवनरायण सिंह, ललित कुमार, अर्जुन सिंह, गजोधर, मंजू देवी, कुन्ती देवी भी मौजूद रहीं।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के इटौली गांव में विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार इटौली गांव निवासी 30 वर्षीय सोनम पत्नी गया प्रसाद प्रजापति ने अपने घर के कमरे में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय परिवार के लोग घर पर मौजूद नहीं थे जब परिजनों की नजर कमरे पर पड़ी तो सोनम फंदे से लड़की मिली। आनन फानन में उसे नीचे उतारा गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गई है। बताया जा रहा है कि उसका मायका अंजनी पहाड़पुर थाना असोथर है। ग्रामीणों के अनुसार सोनम मानसिक रूप से कमजोर मंदबुद्धि बताई जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# अज्ञात पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर कस्बा स्थित बहुआ रोड पर गंगदेव बाबा मंदिर के समीप मंगलवार शाम एक तेज रतार अज्ञात पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बहुआ रोड पर गंगदेव बाबा मंदिर के पास बाइक से जा रहे युवक को पीछे से आ रहे एक अज्ञात पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों में अफरा–तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जिस पर पीआरबी 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गाजीपुर भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में घायल की पहचान संजय सिंह लोधी निवासी बड़ा गांव मछरिया के रूप में हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है तथा फरार पिकअप वाहन और उसके चालक की तलाश की जा रही है।

# छोटू के बाद मां ने भी इलाज के दौरान तोड़ा दम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गौरहरा में मंगलवार की सुबह नशेड़ी पति की प्रताड़ना से तंग पत्नी ने अपने मासूम बच्चो को जहर खिलाने के बाद स्वयं जहर खा लिया था। जहां चार वर्षीय मासूम की मौत हो गयी थी। इलाज के दौरान कानपुर में मां ने भी दम तोड़ दिया। जबकि एक साल का मासूम जिंगदी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। बतातें चलें कि गौरहरा गांव निवासी राजन निषाद की पताड़ना से तंग पत्नी राजरानी ने पहले अपने चार वर्षीय पुत्र छोटू को जहर खिलाया फिर एक वर्षीय मासूम को खिलाने के बाद स्वयं जहर खा लिया था। हालत बिगडने पर तीनो को बिन्दकी सीएचसी लाया गया। जहां से सदर के लिए रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सक ने छोटू को मृत घोषित कर दिया था। जबकि मां और मासूम सौरभ की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान मां ने भी दम तोड़ दिया। जबकि मासूम बच्चा जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

# विवाहिता को जहर देकर हत्या का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के डारी गांव में एक माह पूर्व पति की मौत के बाद ससुरालीजनों ने जमीन हड़पने की नियत से उसकी पत्नी को जहर देकर मार डालने का आरोप लगाया है। थरियांव थाना के जयसिंहपुर निवासी रामधनी ने पुत्री के ससुरालीजनों के ऊपर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कहा कि उसकी 28 वर्षीय पुत्री विनीता चार माह की गर्भवती थी और कुछ दिन पहले ही पति धर्मेंद्र की पेड़ से गिरकर मौत हो गई थी जिसके चलते घर वालों की नियत उसके हिस्से की जमीन पर थी। बीमारी के नाम पर दवा दिलाने के बहाने उसे जहर दे दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका के बहनोई रावेंद्र पाल ने दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए कहा कि जमीन के लालच में विनीता को जहर देकर मार डाला गया है।

# आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों ने उठाई वेतन वृद्धि व सुविधाओं की मांग

## - समान कार्य के लिए समान वेतन व ईएसआई कार्ड किया जाए जारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

धाता, फतेहपुर। नगर पंचायत कारीकन धाता में बुधवार को अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के तत्वावधान में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विकास कुमार व संचालन धर्मवीर सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सभासद धीरज कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए धीरज कुमार ने कहा कि प्रदेश के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन को 16 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये किए जाने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी, लेकिन आज तक इसका शासनादेश जारी नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अन्य विभागों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, होमगार्ड सहित विभिन्न कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी की जा चुकी है, जबकि सफाई कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोरोना काल में भी सफाई कर्मचारियों ने सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य किया था। ऐसे में उन्हें समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ दिया जाना चाहिए। धर्मवीर सिंह ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को ईएसआई कार्ड और पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों का बीमा कराया जाए, ताकि किसी दुर्घटना या आपात स्थिति में उनके परिवारों को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। संघ अध्यक्ष विकास कुमार ने कर्मचारियों के अवकाश संबंधी अधिकारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को मिलने वाली छुट्टियां उनका अधिकार हैं और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें अवकाश दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को 26 दिनों का वेतन दिया जाता है, लेकिन त्योहारों और विशेष अवसरों पर उनसे अतिरिक्त कार्य लिया जाता है। ऐसे में उन्हें इसके बदले अन्य दिनों में अवकाश प्रदान



किया जाना चाहिए, ताकि उनके अधिकारों का संरक्षण हो सके। बैठक में धीरज कुमार, विकास कुमार, वीरेंद्र कुमार, धर्मवीर सिंह, सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, संतोष, दीपक, जगदीश, राजेश, मनोज, शिव प्रताप, गीता देवी, सुनीता देवी, मैना देवी, संदीप कुमार, शिवराम, रामसूरत, मुन्ना, उमेश कुमार, रितेश कुमार, दिलीप कुमार भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )